श्री खान गुफ़रान ज़ाहिदी: कौन कह रहा है कि यह दलगत राजनीति है ....(**व्यवधान**) यह कौन सी बात है. ...(**व्यवधान**).

श्री बी॰पी॰ सिंहल: प्रो-एक्टिव की बात कह रहे हैं और दांत पीसना शुरू कर दिया ....(**व्यवधान**) उसके लिए आप बल दीजिए। ....(**व्यवधान**)

MR. CHAIRMAN: We have noted the sense of the House. .....(*Interruptions*)..... Now, Shri Bommai.....(*Interruptions*)

SHRI S.R. BOMMAI (Karnataka): Sir, this is not a partisan issue at all. It is unfortunate that terrorists are killing innocent masses is this sensitive area. These activities have definitelly increased after coming into power of this Government. The facts and occurrences are a proof of it. I know that it has been there for the last ten years. It started in Kashmir Valley, Punjab and the North-East. Now it has come to Himachal Pradesh. It is very unfortunate. I know the sincerity of the Home Minister. He immediately went to Doda after an incident there. As has been said, he made a very effective and powerful speech. He was moved by that incident. He assured all protection to the innocent people. He also made a mention of a plan of action in coordination with other Departments. He went to the extent of saying, "If we cannot defend innocent people, we have no right to rule this country." He himself said it, if I remember correctly. Having said so, Sir, everyday we are discussing this matter in this House. One day it was raised by Vijay Kumar Malhotraji, one day it was raised by Ram Gopalji, one day it was raised by Ghulam Nabiji and everyday we are debating it. One day you yourself, when the Prime Minister was in Colombo, directed the Government to send a message to Prime Minister regarding what is happening in Doda so that he could discuss this with his counterpart, the Prime Minister of Pakistan. We have done all that. We are getting assurances here. But, everyday, innocent people are being massacred. Is it not a failure on the part of the Government? I wanted to put it in a very mild term, whether the hon. Home Minister has any moral right to

continue in office when all this bloodshed and massacre is continuing everyday. I leave it to him to answer. Thank you.

DR. ARUN KUMAR SARMA (Assam): Mr. Chairman, Sir, during the recent days, the killings and subversive activities have been there very much in different parts of the country. The happenings of yesterday and the unbelievable way of collapsing a building is also a point of suspicion. The activities in Jammu and Kashmir, its neighbouring States and the series of bomb blasts in Mumbai and also in the North-Eastern States resembles that there is a definite hand of a foreign agency. The statement of the hon. Home Minister also indicated that it is suspected that Pakistani groups may have a hand in the recent killings. Mr. Chairman, Sir, it is not a matter of taking it very lightly or in a casual manner that everyday we have to hear statements on different killings and happening in the country. This is a serious matter. I am surprised how our intelligence agencies could not be successful in finding out the way and the methodology through which, in different parts of the country, the foreign agencies have been working. It is an utter failure of the Home Ministry. I must express one thing that under Article 355, the home Ministry is taking more interest in monitoring the activities of certain States as to what they are doing. Is it not the responsibility of the Central Government and the Home Ministry to find out what kind of external aggression is there and what kind of external agencies have been working to destabilise our country? Is it not the prime duty of the Central Government, instead of blaming the State Governments, what the Assam Government is doing, what the West Bengal Government is doing, etc., to send troops from the Home Ministry to monitor those activities? There is utter failure of the entire intelligence agency in finding out that in what way these subversive activities are taking place in different parts of the country. That is a matter of great concern. And also, there is a discrimination that even some of the States are not being provided with insurgency relief expenditure which was committed by the hon. Prime Minister. Sir, two States have been given the security related expenditure but for Assam and the North-Eastern States, it has not been given. The States have been overburdened with floods and other problems. They cannot manage their affairs....

MR. CHAIRMAN: It is not related to this. It is irrelevant.

DR. ARUN KUMAR SARMA: Sir, there is external aggression from Bangladesh, Bhutan and also from Myanmar. Some definite activities are going on in all those areas. I am saying this because it is a national issue and it should be taken very seriously. I also associate myself with other hon. members that this should not be taken casually and a mere statement will not help. We must have a definite action plan to resist all those foreign forces which are working in our country to destabilise our country. Thank you.

श्री गुलाम नबी आजाद: सर, मुझे माफकीजिए अगर मेरे कहने से हमारे उस तरफ के साथियों को दुख पहुंचा हो। मैं यह नहीं कहता कि हमारे सदन के बाकी साथियों को दुख नहीं है, लेकिन मैं यहां यह कहना उचित समझूंगा कि यह हादसा जहां हुआ, स्टेट के हिसाब से चम्बा हिमाचल प्रदेश में हो, लेकिन यह हमारे पेरेन्ट्स के घर से भदरवा सिर्फ 17 किलोमीटर पर है। पेरेन्ट्स का घर इसलिए कह रहा हूं क्योंकि पिछले 22 साल से दिल्ली में हूं और पेरेन्ट्स वहां रहते हैं, बाकी घर के लोग रहते हैं। महोदय, भदरवा डिस्ट्रिक्ट डोडा का सब से बड़ा कस्बा है और भदरवा तिसा से सिर्फ 17 किलोमीटर है और वह भी चूंकि पहाड़ी इलाका है इसलिए है अन्यथा एरियल डिस्टेंस से 2–3 किलोमीटर से ज्यादा नहीं है। डा॰ कर्ण सिंह जी को मालूम है क्योंकि वह वहां से कई साल एम॰ पी॰ रह चुके हैं। महोदय, चंबा और भदरवा –ये दोनों एक किस्म के ट्विन सिटीज हैं। सिर्फ एक पहाड़ी है और दोनों जगहों पर रहने वालों में से 60 परसेंट के शादी-ब्याह भदरवा के चंबा में हुए हैं और चंबा के भदरवा में हुए हैं। भदरवा में मिक्स्ड आबादी है अर्थात् 50 परसेंट हिंदू और 50 परसेंट मुस्लिम हैं। मैं वहां बचपन से स्कूल के जमाने से रहा हूं और आज जब भी चंबा में इलेक्शंस होते हैं, शायद इसी इलेक्शन को छोड़कर, पिछले 22 सालों से चूंकि मैं भदरवा के नजदीक हूं, इसलिए जब भी विधान सभा या पार्लियामेंट के इलेक्शंस होते हैं, चंबा वालों की मांग पर मैं तिसा जरूर जाता हूं। मैं वहां के हर गांव और हर जगह गया हूं, इसलिए मुझे ज्यादा दुख है।

महोदय, 1994 में हमारे इसी इलाके से आतंकवाद की वजह से तकरीबन 1100 फेमलीज भागकर गयीं थीं। उस वक्त सिविल एविएशन मिनिस्टर की हैसियत से मैं ब्राजील में था। उस समय आतंकवाद की वजह से 10–11 आदमी मारे गए थे। मुझे डिस्ट्रिक्ट एडमिनिस्ट्रेशन की तरफ से मेरी मिनिस्ट्री के द्वारा मैसेज मिला कि 1100 हिंदू

फैमिलीज आतंकवाद की वजह से चंबा की पहाड़ियों में पहुंची हैं। मैं ब्राजील से वापिस दिल्ली आया, उसी दिन चंबा पहुंचा औ चंबा से वहां पहाड़ी पर और फिर वापिस चंबा। इस तरह 36 किलोमीटर पहली और आखिरी दफा में एक दिन में चढ़ा और उन 1100 फैमिलीज को वापिस जाने के लिए मजबूर किया। उन लोगों की तीन मांगें थीं–एक तो यह कि उन्हें सक्युरिटी फोर्स दी जाए, दूसरे उनको छः महीने के लिए अनाज दिया जाए और तीसरे उनकी लोकल मांगें स्कूल और बिल्डिंग की थीं। मैंने वहीं चंबा से उनको कहा कि 24 घंटे के अन्दर ये दोनों चीजों की व्यवस्था कराऊंगा। मैंने वहां से डिफेंस मिनिस्ट्री से बात की और 24 घंटे के अंदर फोर्स उस इलाके में मूव हुई और आर्मी वहां पहुंची और दो दिन के अंदर अंदर हम ने उन 1100 हिंदू फेमलीज को वापिस अपने घर बुला लिया। महोदय, उस समय वहां गवर्नर रूल था, वहां की स्टेट गवर्नमेंट ने कहा कि हम 6 महीने के लिए अनाज नहीं दे पाएंगे। मैंने निवेदन किया आप 15 दिन के लिए दीजिए, 6 महीने का बंदोबस्त मैं खुद करूंगा। गवर्नमेंट ने 15 दिन के लिए अनाज दे दिया। मैं एक वक्त 1986 में फुड मिनिस्ट्री में था, मैं ने अपने उस असर, रसूख को इस्तेमाल कर, पंजाब से अनाज के कुछ ट्रक्स लोगों से मांगकर एक महीने के अन्दर अन्दर उन के हवाले किए और वहां के लोगों के लिए 6 महीने के अनाज का मुफ्त बंदोबस्त किया। महोदय, मेरे कहने का मतलब यह है कि जब सरकार करना चाहती है तो कर सकती है। लोग चंबा से एक हफ्ते में वापिस जा सकते हैं और अनाज अगर सरकार नहीं दे तो प्राइवेट एजेंसी के द्वारा मुहैया कराया जा सकता है। मैं उस समय कश्मीर अफेयर्स का मिनिस्टर नहीं था, होम मिनिस्टर नहीं था, राजनीति भी वहां नहीं करता हूं, लेकिन वहां पैदा होने के नाते मेरा जो फर्ज हो सकता है, वह करता हूं।

माननीय चैयरमेन साहब, हम आज क्या देख रहे हैं? उस दिन मैंने होम मिनिस्टर से पाइंटेड तीन सवाल किए थे, लेकिन जब माननीय होम मिस्टिर ने जवाब दिया तो उन तीन सवालों को जैसे उन्होंने सुना ही नहीं। जब पिछले दिनों आप ने कहा, दूसरा, तीसरा नहीं ये पांचवां वाक्या हुआ बल्कि इस को मिलाकर जैसे मैंने अर्ज किया, ये चंबा से बहुत दूर और डोडा से सिर्फ 17 किलोमीटर है, मैं इस को सिर्फ डोडा का ही इंसीडेंट मानता हूं और यह उसी का एरिया आफ आपरेशन है। महोदय, वहां का जंगल, ऐसा जंगल जहां है कि फारेस्ट का काम होता है और उस काम में 99 परसेंट डोडा डिस्ट्रिक्ट के ही लोग काम करते हैं। इसलिए मेरा निवेदन है कि इन फोर्सिस को कहिए कि वे बाहर जाएं। अभी जब वे एक्ट करते हैं, फिर ये रिएक्ट करते हैं लेकिन रिएक्ट करने से हमारे हाथ में कुछ नहीं आता। अभी ये 6 एक्शन डेढ़ महीने के अंदर हो गए जिसमें 20 लोग, 25 लोग, 30 लोग, 35 लोग मारे गए। क्या इन डेढ़ महीनों में एक बार भी हमने सुना कि 10 लोग हमारी फोर्सिस ने भी मारे कहीं, 20 लोग कहीं मारे हमारी फोर्सिस ने? कोई कहीं चल्ला-फिरता हाथ में आ गया तो बात दूसरी है। मैं बड़े दुख के साथ कहना चाहता हूं कि आज हमारी तरफ से बहुत कोताही हो रही है, कमजोरी हो रही है और उसके लिए मैं गृह मंत्रालय को जिम्मेदार ठहराता हूं क्योंकि वह सुस्त है, वह अनसुनी करता है और गृह मंत्री जी, आप जब डोडा डिस्ट्रिक्ट गए थे तो आपने कहा था कि अब कोई हादसा नहीं होगा और अगर यह सरकार या हम लोग लोगों को तहाफ्फुज़ नहीं दे सकते हैं तो हमको सरकार चलने का कोई हक नहीं है, लेकिन उसके बाद यह चौथा इंसिडेंट है। हम आपको पूरा समर्थन दे रहे हैं, आपको पूरी सपोर्ट दे रहे हैं कि लड़िए, ताकत लीजिए लेकिन कोई इनिश्यिटिव लीजिए।

माननीय गृह मंत्री जी, हमें आपसे बहुत अपेक्षाएं थीं, उम्मीदें थी जब तक आप सरकार में नहीं थे, हम सरकार में थे, तो आपके बारे में कहा जाता था कि भारतीय जनता पार्टी का सबसे शक्तिमान कोई है, कोई स्ट्रांग मैन है तो वह लाल कृष्ण आडवानी है, लेकिन पता नहीं सरकार में आकर क्या हो जाता है सब लोगों को। आप जैसा आदमी, ताकतवर आदमी, जिसका प्रभाव अपनी पार्टी के अंदर है और जो अच्छी सोच रखने वाला है, स्ट्रांग मैन है वाकई, अगर आपके, नेतृत्व में इस सरकार में हम मिलिटेंट्स का मुकाबला नहीं कर सकते हैं तो मुझे नहीं लगता कि भारतीय जनता पार्टी में कोई दूसरा आदमी इसका मुकाबला कर सकता है लिहाज़ा मेरा आपसे विनम्र निवेदन है कि इस तरह की रोज़-रोज़ की चर्चाओं से कुछ नहीं होगा। उनके अगले एक्शन से पहले कोई हमारा एक्शन होना चाहिए और हमारी फोर्सिस की कोई उपलब्धि होनी चाहिए कि हमने भी उनके 30 आदमी मारे, 35 आदमी मारे। यह मारने का क्या खाली उनका ही ठेका चल रहा है? वे पाकिस्तान से आकर यहां हमारे 35-35 आदमियों को मार जाते हैं और हम उनके एक आदमी को नहीं मार सकते, यह बड़े ही शर्म की और अफसोस की बात है। मैं आपका ध्यान इस तरफ दिलाना चाहता हूं और मैं चाहता हूं कि इस दफा गृह मंत्रालय कुछ जाग जाए।

मैं कहना चाहता हूं कि अगर गृह मंत्रालय को कोई जानकारी नहीं है तो आप हमसे बात करते, हम आपको बताएंगे, जो हमारी नालेज में है, वहां की टोपोग्राफी के बारे में, वहां की और किसी चीज़ के बारे में, जो हमसे आप मदद चाहेंगे, वह मदद आपको सौ फीसदी मिलेगी।

लेकिन अंधेरे में शाट मारने से, किसी को जानकारी नहीं है, किसी को टेपोग्राफी मालूम नहीं है, न मंत्रालय में न पेरिसिस में और बिल्कुल अंधेरे में गोली लगा रहे हैं, तो अंधेरे में गोली लगाने से आप पाकिस्तान का मुकाबला नहीं कर सकते।

MR. CHAIRMAN: Hon. Member, I am told that on the pressure of Members the other day, the Government has decided to introduce a Bill on salaries and allowances of Parliament Members, in the Lok Sabha, and then it will have to come to this House. This has to be introduced there only by the Home Minister.

श्री गुलाम नबी आजाद: सर, इसके बाद

We will forgo our salaries also, but we will not yield on this.....(*Interruptions*)....

MR. CHAIRMAN: That is what the Leader of the House wrote to me.

SHRI L.K. ADVANI: I am sorry there is some lack of communication. So far as I am concerned, I have to introduce a Bill relating to the emoluments of the President and the Governors. So far as this Bill is concerned, it is related to the Ministry of Parliamentary Affairs. The other Bill is mine. All are coming together. They are Money Bills, and, therefore, they have to be introduced in the Lok Sabha.

MR. CHAIRMAN: Anyway, Members don't want you to go.

I think we have five or ten more Members.

Each one will speak for one or two minutes

Next is Mr. Venkaiah Naidu.

SHRI M. VENKAIAH NAIDU (Karnataka): Sir, I am unfortunate that way because whenever it comes to me, either there are obstructions or there is deduction of time. ...(*Interruptions*) ...

MISS SAROJ KHAPARDE (Maharashtra): Don't waste your time now ...(*Interruptions*)...

SHRI M. VENKAIAH NAIDU: Sir, this is a very serious issue. If you go through today's "DAINIK JAGRAN", it says:

"सीमा पर हो रहा संघर्ष बड़े युद्ध में बदल सकता है—पाकिस्तान"

You got the answer. What is happening in Jammu and Kashmir, what is happening in Himachal Pradesh, what is happening in other parts of the country? You have got a direct answer from the statements of the Pakistani Prime Minister and also from the statements of the Pakistan Minister for External Affairs. Sir, even the English Press has also reported the same thing. Sir, I endorse the view that the forces have to be strengthened and the army battalion has to be put at Bhadarwah. Modernisation of weapons that are given to the forces also have to be stepped up. There has also to be a greater coordination between the Army, BSF and the local police. In addition to that there should be a greater coordination between Jammu and Kashmir, Himachal Pradesh and other connected States.

Sir, everybody knows that it is a proxy war. I was really pained when some Members were saying that the Home Minister should resign or some other Minister should resign. रिज़ाइन करने से अगर प्रॉब्लम सॉल्व हो जाए तो We can think about that also. As a student of politics, I have read and I know that 18,000 people were killed in Jammu and Kashmir alone all these years. What has happened during these four months is also a concern for all of us. The entire country is agitated and feels concerned. But, Sir, let us understand that this is not a local law and order problem or a local security problem. This is a cross-border terrorism, aided, financed and abetted by a neighbouring country. It is practically a proxy war. That being the case, I appeal to the House that we should all stand united. Let us have politics on other issues. Yes, the Opposition Members have every right to criticise us here and even outside. I am not denying that. But, if you go through the statements of the Pakistani leaders, their Prime Minister, their Foreign Minister, and if you go to the background of what was happening during earlier regimes, during Deve Gowda Ji's regime, during Gujral Ji's regime, during Narasimha Rao Ji's regime, and even during V.P. Singh Ji's regime, you will find that we had a series of incidents. Not one or two or three or four. More than one hundred places of worship had been destroyed.

SHRI RAJUBHAI A. PARMAR (Gujarat): Are you justifying that? (*Interruptions*)

SHRI M. VENKAIAH NAIDU: Just listen to me. (*Interruptions*)

SHRI MD. SALIM: What did you do when the other Governments were there?

(*Interruptions*) You tried to divide the Indian population... (*Interruptions*)

SHRI M. VENKAIAH NAIDU: Because of the pro-active policy of the present Government, there is a backlash.

वह मजाक कर रहे हैं वहां पाकिस्तान वाले, हम भी मजाक कर रहे है गवर्नमेंट पालिसी को। पालिसी क्या है ... (व्यवधान)

श्री जलालुद्दीन अंसारी: किसने मजाक किया है, किसने मजाक किया है ...(व्यवधान) यह गलत है ... (व्यवधान)

†[श्री जलालुद्दीन अंसारी: किसने मजाक किया है, किसने मजाक किया है ...(व्यवधान) यह गलत है ... (व्यवधान)]

श्री मोहम्मद सलीम: लोग मारे जा रहे हैं और आप कह रहे हैं कि मजाक कर रहे हैं ... (व्यवधान) किसी ने मजाक नहीं किया है। होम मिनिस्टर बताएं .... (व्यवधान) किसी ने मजाक नहीं किया है ... (व्यवधान) आपका गृह मंत्री बनना ही मजाक है ... (व्यवधान)

†[श्री मोहम्मद सलीम: लोग मारे जा रहे हैं और आप कह रहे हैं कि मजाक कर रहे हैं ... (व्यवधान) किसी ने मजाक नहीं किया है। होम मिनिस्टर बताएं .... (व्यवधान) किसी ने मजाक नहीं किया है ... (व्यवधान) आपका गृह मंत्री बनना ही मजाक है ... (व्यवधान)]

श्री नरेन्द्र मोहन: इस प्रकार की बातें कहकर आप राष्ट्र को भ्रमित कर रहे हैं ... (व्यवधान)

मौलाना ओबैदुल्ला खान आजमी (बिहार): आप तो ब्लैक कैट लेकर घुमते हैं और देश की जनता मारी जा रही है ... (व्यवधान)

†[ ]Transilteration in Arabic Script

†[مولانا عبید اللہ خاں اعظمی: آپ بلیک کیٹ لے کر گھومتے ہیں اور دیش کی جنتا ماری جا رہی ہے ...]

MR. CHAIRMAN: As long as a Member does not yield, nobody else can speak.

SHRI M. VENKAIAH NAIDU: Sir, nobody can defame the Home Minister. His capacities and his calibre are known to the entire country. They are known to Pakistan also. That is why time and again there are protests from Pakistan about his statements. That is known to the people who are creating this proxy war.

Sir, my suggestion is that all of us should join together in evolving a policy where we will be able to encounter effectively the proxy war that has been unleashed by Pakistan and by other countries who are enemical to us. The point I want to make is that there is a need for a collective approach not only on the administrative side, but on the political side also. As Ghulam Nabi Ji was saying, as a youngester I also used to write that our Government should attack those people before they strike us and kill them to even the score. But the point is the moment somebody is killed, the question is asked who he is. What is this thing. These things are also being discussed.

We should put an end to this. Some people have been killed, they have been identified and they have been arrested as ISI agents. There are people in this country who are giving them bail and getting them out of courts. This is an issue where we can forget politics and come to a sort of broad consensus and fight this sort of proxy war which has been unleashed on us. It is a part of the great conspiracy. There is a pressure on the Valley. They have moved out of the Valley. There are pressures on Doda. They have moved

out of Doda ... (*Interruptions*) ... I am not disputing that. They have extended their activities to other parts of the country because of the pressure that is being applied there. As I told you, it is an isolated incident. It is not a local incident. It is a part of the wider conspiracy. These forces were there earlier also. We were not able to effectively counter them. They cannot expect wonders to happen overnight. If the the Congress Party has come forward and gave some concrete suggestions which they could not implement during their regime which they want this Government to implement ... (*Interruptions*) ... I am not politicising it. ... (*Interruptions*) ... I am not politicising it. There is no question of politicising it. No patriot can politicise this. I only felt unhappy because some senior Members from that side started talking in terms of resignation of a Minister. If resignation is a solution, then, there should have been thousands of resignations earlier. ... (*Interruptions*) ...

श्री जलालुदीन अंसारी: आप मिनिस्टर बन जाइए .... (**व्यवधान**) आप होममिनिस्टर की तरह से बात कर रहे हैं जबकि उनको बताना है। ... (**व्यवधान**)

ڈاکٹر جلال الدین انصاری: آپ منسٹر بن جائیے ... "مداخلت" ... آپ ہوم منسٹری کی طرح سے بات کر رہے ہیں ... "مداخلت"

SHRI M. VENKAIAH NAIDU: There is no need. I am not enthusiastic like you. I am very quiet and calm. I am doing my job ... (*Interruptions*) ... I am not saying it. ... (*Interruptions*) ... आपको क्या चिन्ता है।

MR. CHAIRMAN: Why are you reacting? You continue with your speech.

SHRI M. VENKAIAH NAIDU: My suggestion is let the Home Minister take all the Opposition parties into confidence, take their constructive suggestions, evolve an action plan to tackle this issue because day by day this issue is assuming an alarming proportion. It is extending from one place to another place. It is a cause of concern to all political parties and also people all over the country. Coupled with statements given by Mr. Gohar and also by Pakistani leaders there seems to be a wider conspiracy. So, let us try to understand, let us all stand united together and let us fight it unitedly. This is my suggestion.

MR. CHAIRMAN: Mr. Jitendra Prasada.

श्री जितेन्द्र प्रसाद: सभापति महोदय, गुलाम नबी आजाद साहब ने जो विचार व्यक्त किए मैं उससे अपने आपको संबंध करता हूं। मगर मैं यह सिर्फ कहना चाहता था कि उधर से भी कुछ आवाज आई, माननीय सदस्य यह कह रहे थे कि दलगत राजनीति का यह मामला नहीं है। सभापति महोदय, आपको याद होगा जब पिछली बार ऐसी घटनाएं घटित हुई थीं तो पूरे सदन ने एक होकर प्रस्ताव पारित किया था और गृह मंत्री जी से निवेदन किया था कि प्रधान मंत्री जी कोलम्बो में इस वक्त पाकिस्तान के प्रधान मंत्री से वार्ता कर रहे हैं और गुलाम नबी आजाद साहब के प्रस्ताव पर इस सदन में प्रस्ताव पारित हुआ था कि हम वहां संदेश भेजेंगे कि इस मामले में यह देश आपके साथ है, पूरा सदन आपके साथ है। मुझे सिर्फ बड़े खेद से यह कहना पड़ रहा है कि बार-बार घटनाएं घटित होती हैं, मैंने पिछली दफे भी यही दोहराया था और इसी तरह से हम अपने विचार व्यक्त करते हैं, खेद व्यक्त करते हैं और खेद व्यक्त करने के बाद एक औपचारिक जबाव हमें गृह मंत्री से मिल जाता है और फिर हम उस मामले को भूल जाते हैं। मान्यवर, आज यह घटना फिर से घटित हुई, हत्याओं की फिर से पुनरावृत्ति हुई। हम जवाब चाहते हैं और हम आश्वासन चाहते हैं गृह मंत्री महोदय से और हम यह पूछना चाहते हैं कि क्या वजह हैं भारत सरकार की पूरी शक्ति इनके पास है, दोनों राज्य सरकार इनका पूरा समर्थन कर रही हैं और एक लोकलाइज एरिया के अंदर आज वह डोडा से हिमाचल में बोर्डर का सिर्फ डिफेंस है मगर एरिया वही है, फिर से उस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति हुई। क्या कारण है कि हम इसको रोक नहीं पा रहे हैं। क्यों नहीं हम इस एरिया को इन्सूलेट कर पा रहे है कि इस तरह की घटना न घटे? गुलाम नबी आजाद साहब ने अभी फोर्सेज के बारे में बताया, सीरियस बात है। मैं यह जानना चाहूंगा इनकी जो पौलिसीज हैं सरकार की, गृह मंत्री की, क्या उन पौलिसी की टोटल विफलता नहीं है यह?

यह बात सही थी कि मिलिटेंसी कम हो रही थी और मिलिटेंसी कम होते-होते जब से आपने अपनी पॉलिसीज़ इंप्लिमेंट करनी शुरू की हैं, मुझे ऐसा लगता है कि यह तो रिवाईवल ऑफ मिलिटेंसी होने जा रहा है और मिलिटेंसी आए दिन बढ़ती चली जा रही है। मान्यवर, ये घटनाएं बार-बार होती हैं, इनसे उन दहशतगर्दों की हिम्मत बढ़ती है। वे जो लोग हैं, जो पाकिस्तान से आते हैं या बाहर से

आते हैं, चाहे कहीं से भी आते हैं, उनकी हिम्मत अफजाई होती है और वे सरकार की इस बेहाली का फायदा उठाते हैं और इसीलिए थोड़े ही दिनों बाद ये घटनाएं फिर से दोहराई जाती हैं। मैं पूछना चाहता हूं कि रामगोपाल जी ने एक महत्वपूर्ण जानकारी यहां पर दी कि लोक सभा में एक सदस्य बता रहा है कि ऐसी घटना घटित होने वाली है और सरकार उस पर कोई कार्यवाही नहीं करती है? मैं जानना चाहूंगा आखिर कि अगर यहां पर कोई सदस्य इस तरह की इनफॉर्मेशन देता है तो क्या उस पर कोई कार्यवाही नहीं की जाती है? और अगर की जाती है तो बताया जाए कि आखिर वहां क्या कार्यवाही की गई जो माननीय सदस्य ने आपको सूचना दी थी बहुत ही महत्वपूर्ण सूचना दी थी।

महोदय, चार प्वाईंट प्लान को फिर मैं पूछना चाहूंगा, उस दिन भी मैंने पूछा था गृह मंत्री महोदय से कि वह चार प्वाईंट प्लान आपका क्या हुआ? एक प्रेस कटिंग मेरे पास है, इसमें आपका चार प्वाइंट प्लान जो है "लोकतांत्रिक प्रक्रिया की मज़बूती"। आपकी सरकार है, किस तरीके से लोकतांत्रिक प्रक्रिया की मजबूती होगी? आपको जम्मू-कश्मीर की सरकार भी पूरे तरीके से समर्थन दे रही है, यह आपने खुद स्वीकार किया है और हिमाचल में तो आपकी सरकार है। आतंकवादियों को अलग-थलग करना, यह अलग-थलग करने की प्रक्रिया शुरू हुई है या नहीं हुई है? आप उसमें सफल हो रहे हैं या नहीं हो रहे हैं? उसको कर पा रहे हैं या नहीं कर पा रहे हैं? फिर अति सक्रिय रूख ... यह अति सक्रिय रूख जो हैं, कितनी घटनाएं घटित हो जाएंगी, उसके बाद हमें यह अति सक्रिय रूख दिखाई देगा? हम यह ज़रूर जानना चाहेंगे कि विकास पर ज़ोर, स्टेट गवर्नमेंट ज़रूर विकास पर ज़ोर दे रही होगी मगर गृह मंत्री महोदय, डोडा में आपने कहा था, मैं आपके स्टेटमेंट को उद्धृत कर रहा हूं-"अगर मैं आपकी रक्षा नहीं कर सकता तो मुझे शासन करने का कोई अधिकार नहीं है।" और जिस दिन आपने ये स्टेटमेंट दिया था, हमने उसको स्वीकार किया था और उसका स्वागत भी किया था कि आपने अपनी जिम्मेदारी को महसूस किया। कम से कम वहां के लोगों में और सिक्योरिटी फोर्सेज में और पूरे देश के लोगों में एक कॉन्फिडेंस बिल्ड-अप हुआ था मगर इतने बड़े आश्वासन के बाद बार-बार घटनाओं की पुनरावृत्ति हो रही है। यह मैंने पिछली दफा भी सदन में आपसे कहा था कि कितनी घटनाएं हो जाएंगी, कितनी और दुर्घटनाओं का आपको इंतज़ार है तब आप कुछ कार्यवाही करेंगे? या आप यहां पर सदन में यह कहेंगे कि हम इस स्थिति को काबू में नहीं रख सकते, हम इस स्थिति को नियंत्रण में नहीं कर सकते, हमारी मदद की जाए और कोई ऑल पार्टी मीटिंग आप बुलाएंगे जिससे कि कम से कम सारी समस्या को आप सबके सामने रख सकें कि इस को किस तरीके से हल किया जाए? औरों से भी आप सुझाव ले सकें।

लैक ऑफ गवर्नेन्स, जिस तरह की बात गुलाम नबी आज़ाद साहब ने कही, अगर वह सही है तो मैं साफतौर से कहूंगा कि सरकार जो है, वह गवर्नेन्स नहीं कर रही है। सरकार का इकबाल, सरकार का जो एक भय है, वह भय खत्म हो गया है और उसका नतीजा यह है कि एडमीनिस्ट्रेशन को चाहे सिक्योरिटी फोर्सेज हों, उनका आज जिस तरीके से मुकाबला करना चाहिए, वह नहीं हो पा रहा है। या तो नीति में कोई गडबडी है या कुछ कनफ्यूज़न है या इनमें कोआर्डिनेशन नहीं है। कोई न कोई बहुत ही गंभीर बात है जिसकी वजह से वहां पर हम इन सबका मुकाबला नहीं कर पा रहे हैं और यह गवर्नमेंट का टोटल फेलियोर है। मैं आपसे पूछना चाहूंगा कि आप क्या कदम उठाएंगे कि इन घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो? स्पष्ट रूप से आज इस सदन में बताएं ताकि देश की जनता को मालूम हो सके और जहां पर ये घटनाएं घटित हो रही है, वहां पर कम से कम ये बातें पहुंच सकें। इसको खत्म करने के लिए अगर हम लोग कुछ सहयोग कर सकते है तो हमको बताइए, हम आपको सहयोग करें किस तरीके से? सहयोग किया जा सकता है, हम सब चाहते है कि किसी तरीके से ये घटनाएं खत्म हों। लाशों के ऊपर राजनीति नहीं की जाती और अगर आप यह समझ रहे है कि हम जो बात आपसे कह रहे हैं, इसमें कोई राजनीतिक फायदा उठाने के लिए कह रहे है तो मैं समझता हूं कि यह बहुत ही छोटी बात होगी। हम राजनीतिक फायदा नहीं उठाना चाहते मगर चिंता ज़रूर व्यक्त करना चाहते हैं।

इन घटनाओं को हर कीमत पर रोका जाए। मैं यह भी पूछना चाहूंगा कि सैंट्रल फोर्सिज अगर वहां पर कम हुई हैं तो उन सैंट्रल फोर्सिस को कम करने के लिए कौन जिम्मेदार है? मुझे अभी जानकारी मिली कि डोडा में जितनी सैंट्रल फोर्सिस थीं, उसकी सिर्फ आधी सैंट्रल फोर्सिस वहां पर रह गयी हैं। फिर लॉ ऐंड ऑर्डर की मॉनिटरिंग कौन कर रहा है? और जो मिलिट्री रिलेटिड कोऑर्डीनेशन है, यह कौन कर रहा है, कैसे हो रहा है? मुझे तो ऐसा मालूम होता है कि कोई कोऑर्डीनेशन नहीं है। हर ऐजेंसी अलग-अलग काम कर रही है, आपस में कोई कोऑर्डीनेशन नहीं है। जब कोऑर्डीनेशन नहीं हैं तो इरटैलीजेंस का फेलियर है, सिक्योरिटी फोर्सिस का फोलियर है और चारों तरफ में पहले कह चुका हूं कि गवर्नमेंट का फेलियर है। मान्यवर, यह बहुत ही गंभीर बात है और मैं चाहूगा कि गृह मंत्री जी

आज सदन को आश्वस्त करें कि आगे इन घटनाओं की पुनरावृत्ति नहीं होगी बहुत-बहुत धन्यवाद।

SHRI ARUN SHOURIE (Uttar Pradesh): Sir, as Mr. Gaulam Nabi Azad and others have pointed out, over the last fifteen years, this has become almost a ritual exercise. I remember from the early 80's when we used to follow terrorism in Punjab that killings would take place, the same sort of anxiety would be expressed in the House, assurances would be asked for and regrets and great sorrow would be expressed, and again, the people would wait till the next incident. Naturlly, that Government did not want these things to happen. I am sure that this Government also does not want these things to happen. The problem is really grave. Even when we see what suggesstions are being given, apart from the three specific suggestions that Dr. Karan Singh and Shri Ghulam Nabi Azad have made, what are Members asking for? Each time they are asking for an assurance and simultaneously. They are saying that assurances mean nothing. Similarly, each time we are using the same words. For the last fifteen years I have heard the same words: "Coordination is lacking." What specific coordination is lacking? We only go on repeating the word without any specific homework. This is a dereliction of duty on our part also, Sir, of Members, irrespective of whichever Government is in power.

I would like to make four suggestions. The fact of the matter is that whenever any stern steps are taken, even when there is an announcement of the intention to take firm steps, voices are raised, in this House itself, that you are raising tension with Pakistan. Exactly the same thing happened right in this House, just yesterday. When the forces go in, immediately, calumny against the forces is spread and all sorts of fabricated stories are put out. The Press Council, in its inquiry, had found that those were complete fabrications to defame our defence forces. But the stories had been trumpeted in this House. Those calumnies were given wind in this House itself, So, first of all, I would suggest, let us be clear. Even yesterday, there was criticism of the Home Minister that what the Home Minister had said outside, was at discord with what the Prime Minister's words here were. And what is it that the Home Minister had said? "Yes, we will deal firmly with the situation." Even that much expression of intention is scorned at. So, when you ask that firm steps be taken, do you think that this business discord will not be played up? So, Sir, I have four specific suggestions to the Home Minister and I hope he will consider them. Firstly, we should all be clear about the objective of Pakistan. Please don't delude yourself by these accounts given in this House itself of personal visits and sweet talk with the leaders in Pakistan. During the one month that I have been in this House, I have several times heard these voices which confuse the nation. Secondly, I urge the Home Minister to make available to the Indians the kind of things that are being said in Pakistan not just by one Gohar Ayub but an the entire array of organisations. There is a sheaf of literture that can be obtained at any time from the extremist organisation in Muridke whose whole purpose is to train terrorists for killings in Kashmir. They celebrate this. They play the wails of widows in Kashmir over the loudspeakers, they broadcast accounts of our defence personnel they have tortured to death. Why is that being kept secret from the people of India? I read it every day in the Pakistakni newspapers. So, I urge the Government: inform India and Indians of the clear intent, not just of ISI and the Government of Pakistan but of the entire gamut of organisations which have been spawned in that country by a particulr ideology.

Sir, I have a third suggestion and that is contrary to what has been said by our distinguished Member, Mr. Jitendra Prasada. He said, "Please tell us what you are going to do.", but I would say, "Please don't disclose the plans." Mr. Ghulam Nabi Azad is completely right when he says, "The specific steps which are being planned or taken should not be disclosed." Let your purpose become evident as it is accompioshed." In the case of Punjab, Mr. K. P. S. Gill did not announce the plans or what he would do. When it was done, everybody came to know that there had been a plan behind it. The assurance the country years for is not in terms of words but in terms of results. Let us hope that we will see the results.

Sir, I have one final suggestion. On the day when you were presiding, Sir, and the Prime Minister was in Colombo, there was such immense solidarity in the House that you voiced it yourself. Today also, every Member, while criticising the Home Minister for other reasons,

has expressed same solidarity in fighting this menace. For that reason I earnestly request the Home Minister to seize the wave at its crest, and urge the House to pass a sense of the House a Resolution in which the whole House condemns the terriorists their activities and their sponsors for the killings of our sisters and brothers, and secondly, the Resolution should urge Government to go to every length, to take every step, to exterminate this menace. The whole House will be with him. We also hope that the Government will share information with us in small groups, and we also hope that the results will speak soon.

SHRI N. THALAVAI SUNDARAM (Tamil Nadu): Mr. Vice Chaiman, Sir, I strongly condemn the killing of innocent persons in Chamba area. My learned friend, Dr. Karan Singh, and the senior colleague, Shri Ghulam Nabi Azad, have clearly mentioned their opinion as to how to prevent the terrorist activities in the area. First of all, this area is a thick forest area. I request the Home Minister to control the terrorist activities in the area.

One of the hon. Members asked the Home Minisster to resign because he was not able to handle it properly. I put a specific question to that Member. Mr. Advani, when he was not a Home Minister, came to our State when a certain incident took place. There was a bomb blast in our State. Did the same Member ask his own colleague to resign when the bomb blast took place in our State? We should not bring politics in such cases. I put a specific question to the same Member who has asked the Home Minister to resign.

In this case no party is involved. ...(*Interruptions*)... I want to have a reply from the same Member. My point is how we are going to control the terrorist activities in the entire country. Today every Member in the House is expressing anguish after knowing that more than 24 persons were killed and 8 persons were injured in the incident that took place in Himachal Pradesh. Every Member has asked to gear up the Intelligence machinery in the State. I request the Home Minister, before such things happen in the other States, to have set-up consisting of Police people. Intelligence people and the Home Ministers of the States.

I request the hon. Home Minister to find out from these two State Governments, that is, the Jammu and Kashmir and the Himachal Pradesh Governments, who know the goings on in those States, whether there was any failure of intelligence in those States. If there was any failure of intelligence, I request that Home Minister to take necessary steps to revamp or to reorganise the intelligence in the entire country. No paramilitary forces have been sent to Chamba because Himachal Pradesh is a small State. There is a lot of communication gap. I request the hon. Home Minister to take necessary steps to provide paramilitary forces to Himachal Pradesh and other States. I also request the Home Minister to take steps to prevent terrorist activities in the entire country. Thank you.

श्री शरीफ-उद्-दीन शरीक (जम्मू और कश्मीर): जनाब चेयरमैन साहब, हालिया हादसा जिस पर इस वक्त हमारे तमाम सियासी जमातों के रहनुमा अफसोस का इज्हार कर रहे हैं, मैं भी अपनी आवाज मिलाकर वह वहशीयत, इस बर्बरीयता और इंसानियत पर बड़े जुल्म के खिलाफ जबर्दस्त एतिजयाद करता हूं, अपनी तरफसे, अपने लोगों की तरफसे और जम्मू कश्मीर की सरकार की तरफसे। यह वाकई एक शर्मनाक अमल है। इंसानियत का खून बह रहा है, इंसानियत जख्म खा रही है। चाहे मुसलमान का खून है, हिन्दू का खून है या हमारा खून है या हमारे देश का खून है या हम हिन्दुस्तानियों का खून है, इस लानत से इस दहशतगर्दी की लानत से जितनी भी जल्द छुटकारा पाया जा सके और हुकुमत उसमें जितना भी कुछ कर सके उसके लिए सारे लोगों ने यहां समर्थन दे दिया, हिमायत दे दी। हम पूरी हुकुमत की बैक पर है। इसलिए इंसानियत को बचाने के लिए इस लानत को खत्म करना जरूरी है।

हर शरीफआदमी जिसमें थोड़ी सी भी शराफत की बू हो वह इस कमीनेपन को कभी बर्दाश्त नहीं करेगा और तमाम सियासी नजरियात के लोगों को यह चाहिए कि अपनी पार्टी की इमेज को इस बहाने से ठीक करने की कोशिश करते हुए हम एक दूसरे पर इल्जाम लगाएं वह और किसी मसले में मुमकिन है, जायज है लेकिन इस मसले में यह बात जायज नहीं हो सकती। यहां हर आदमी चाहे वह किसी भी पार्टी के साथ है, जो यहां एक कोढ़ की बीमारी फैल रही है उसको दूर करने की कोशिश करें। इसलिए नहीं कि यह कोढ़ कांग्रेस को हो सकता है, नेशनल कांफ्रेंस को नहीं हो सकता, बीजेपी को नहीं हो सकता। इस कोढ़ की बीमारी का इलाज सबको मिलकर करना

है। इसके कारण क्या हैं और यह पैदा क्यों हुई है? अगर हम इस पर चले जाएं तो इस हमाम में बहुत से लोग नंगे साबित हो जायेंगे किन-किन लोगों की गलती से ये चीजें आज तक हुई हैं? क्योंकि यह बहुत बहुत संजीदा हो रही है इसलिए मैं उन चीजों की निशानदेही नहीं करना चाहता हूं। मैं सिर्फ गुजारिश करना चाहता हूं। कल मैंने टेलीविजन पर यह बात सुनी कि दहशतगर्दों ने हिमाचल में इतने लोगों को मारा तो मुझे इंतहा अफसोस हुआ। एक तरफ सरकार कहती है कि ये पाकिस्तान से भेजे हुए लोग हैं, गैर मुल्की है। दूसरी तरफ आपका मीडिया कहता है ये कश्मीरी हैं। मुझे नहीं मालूम ये कौन लोग हैं। आपकी स्टेटमेंट में ये लिखा है "स्पान्सर्ड टेरेरिस्ट ससपेक्टिड". इनको भी शुबहा है कि ये स्पान्सर्ड हैं। ये कौन हैं, हमारी एजेंसी कहां है? आईबी का बड़ा नाम सुनते हैं। आज तक किसी ने जिम्मेदारी नहीं निभाई। क्योंकि हमें मालूम नहीं होता है, हमारे मुल्क में क्या हो रहा है और क्या होने वाला है? इतनी बड़ी रकम हम खर्च करते हैं अपनी इंटेलिजेंस सर्विसेज को चलाने के लिए। उनकी जिम्मेदारी क्या है? हम पर आफ्त आने के बाद उनको पता चलता है और उसके बाद हमेशा यह मजाक होता है कि फलां जगह यह घटना घटी और मौके पर अफसर चले गये। इससे पहले हमें पता नहीं होता। हमारी खामियां क्या हैं। इसमें सुराग रसानी की जितनी भी एजेंसियां काम कर रही हैं मुल्क में उनकी खामियां क्या हैं? मैं आनरेबल होम मिनिस्टर को इस सिलसिले में तव्वजह दे दूंगा कि वे उसकी तरफ देखें ताकि ये खामियां दूर हो जाएं।

1.00 P.M.

मेरी यह गुजारिश होगी कि कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और पंजाब जो है इनको मिलाकर, बल्कि दिल्ली को भी इनके साथ मिलाकर, इन पांच सरकारों को मिलाकर एक कोआर्डिनेशन ग्रुप कायम कर लें और वह निगाह रखें। बार्डर मैक्सिमम यहां पर हैं और इन को कोर्डिनेट करके इन पर निगाह रखी जाए। मैं इस सिलसिले में एक ब्रिगेडियर साहब से कुछ साल पहले मिला था। उन्होंने उस वक्त मुझसे कहा था, जब टैरोरिज्म कश्मीर में शुरू हो रहा था, लोग जा रहे थे, मैंने उनसे पूछा था कि यह अपकी मौजूदगी में क्यों हो रहा है? तो उन्होंने कहा कि हमें कोई डाइरेक्शन नहीं दी गई है। हम लोगों को पता नहीं कि हमें क्या करना है। हमें कुछ मालूम नहीं। उस समय बी.जे.पी. की सरकार नहीं थी। उस वक्त कोई दूसरी सरकार थी। इस सिलसिले में पहले पूरी जानकारी हासिल करनी है। यह तो एजेंसीज से होगी। दूसरा हमें पूरी टोपोग्राफी मालूम होनी चाहिए, वह भी एजेंसीज से होगी। मैंने फौज के बड़े-बड़े लोगों से बात की।

MR. CHAIRMAN: Now it is one O'clock. We will adjourn for lunch after the reply.

श्री शरीफ-उद्-दीन शरीक: वह कहते हैं कि यह बार्डर ऐसा है कि इस पर फूलप्रूफ नजर नहीं रखी जा सकती है। इस पर बहुत ही नाले हैं, बहुत ही दरियां हैं, बहुत ही गहरे जंगल हैं। इस पर पूरा काबू नहीं पाया जा सकता है। अगर यह बात है तो फिर यह अफसोसनाक बात है। आज इतनी बड़ी टेक्नोलाजी है, आज इतने बड़े हथियार हैं, आज हमारे पास इतने गनशिप हैलीकोप्टर्स हैं तब भी हम देख नहीं पाते कि हमारे बार्डर से कौन आता है। यह हमारे तजुर्बे की बात है क्योंकि हम इस बीमारी में पिछले आठ-दस सालों से फंसे हैं और इसके सबसे ज्यादा विक्टिम हम कश्मीर के लोग हैं। बी.एस.एफ. के सामने अगर मिलिटेंट सरेंडर करते हैं तो फौज वाले नाराज होते है कि इससे हमारा रैंक खराब होता है। ये हमारे पास क्यों नहीं आए। अगर फौज के बाहर सरेंडर करते हैं तो सी. आर.पी.एफ. वाले कहते हैं कि हम तो नजदीक थे हमारे पास क्यों नहीं आए। उनके घर वालों से वे मारपीट करते हैं। इसी तरह से उन्होंने यह भी कहा कि कोआर्डिनेशन की कमी है। इसमें कोई शक नहीं है। यह हमारे तजुर्बे की बात है। अरुण शौरी साहब ने एक मिसाल दे दी कि फेब्रिकेटेड स्टोरी कही गई है। उन्होंने सिक्योरिटी फोर्सेस के मुत्तलिक कहा कि सिक्योरिटी फोर्सेस का काम बहुत शानदार रहा, काबिले तारीफ रहा। लेकिन सारी स्टोरी फेब्रिकेटेड नहीं है। बहुत ही शर्मनाक काम उनके हाथ से हुआ। इसकी मैं आपको मिसाल दे सकता हूं। मेरी गुजारिश इस सिलसिले में यह है कि पांच रियासतों, पंजाब से लेकर दिल्ली तक का एक कोआर्डिनेशन ग्रुप बनाया जाए। इनकी एक ज्वाइंट कमांड बनाई जाए। यह ज्वाइंट कमांड इस चीज को यहां देखे। जितने भी बार्डर एरियाज हैं, वहां जो जंगल है वहां बड़ी बड़ी पोस्ट लगाई जाएं। जैसा कि गुलाम नबी आज़ाद साहब ने और डा॰ कर्ण सिंह ने कहा कि मदरसा और डोडा से लेकर चम्बा तक आर्मी का फैलाव किया जाए और जितने भी लोग उससे मुसलिक हों उनको कड़ी सजा दी जाए। लेकिन यह सब करते-करते इस बात को आप ध्यान में रखें जहां आप दस मिलिटेंट को मारते हैं उस पर कोई रीऐक्शन नहीं होता लेकिन जहां बेगुनाह मर जाता है तो सारे किए कराए पर पानी फिर जाता है। आपको फोर्सेस को हिदायत दे देनी चाहिए कि लोगों का हैरेसमेंट नहीं होना चाहिए। मेरे पास ऐसी कितनी ही मिसालें हैं। बहुत सी मिसालें दे सकता हूं जिसमें बेगुनाह लोग मारे गए हैं। बहुत से नौजवान ऐसे हैं जिनका पता ही नहीं चला है। उनको उठाकर ले गए थे और दस सालों से उनका कोई पता नहीं है। बहुत सी ऐसी मिसालें हैं जो नहीं होनी चाहिए। इससे क्या होता है। जब बेगुनाह मारा जाता है, उसकी बेइज्जती होती है तो नतीजा यही

रहता है कि इससे हमदर्दी चली जाती है और उन लोगों का काम हो जाता है जो हम लोगों को गिराना चाहते हैं। इसलिए उनका ही काम बनता है। इसलिए हमको, हमारी फ्रेसेंस को, हमारी सरकार को कोई ऐसा कदम नहीं उठाना चाहिए जिससे बेगुनाह लोगों को बिना वजह मुसीबत में डाला जाएं।

जहां तक टेरोरिज्म हिन्दुस्तान से खत्म करने का सवाल है, हालांकि हमारी सियासत अलग-अलग हैं, लेकिन इसमें हम आपकी पूरी पीठ पर हैं, हम आपके पूरे साथ हैं। टेरोरिज्म को खत्म करने के लिए, इस लानत से निजात देने के लिए हम पूरी तरह से आपके साथ हैं।

†[ ]شری شریف الدین شارق "جموں و کشمیر": جناب چیئرمین صاحب، حالیہ حادثہ جس پر اسوقت ہمارے تمام سیاسی جماعتوں کے رہنما افسوس کا اظہار کر رہے ہیں، میں بھی اپنی آواز ملا کر، وہ وحشیت، اس بربریت اور انسانیت پر بڑے ظلم کے خلاف زبردست احتجاج کرتا ہوں۔ اپنے لوگوں کی طرف سے اور جموں کشمیر کی سرکار کی طرف سے۔ یہ واقعی ایک شرمناک عمل ہے انسانیت کا خون بہہ رہا ہے، انسانیت زخم کھا رہی ہے۔ چاہے وہ مسلمان کا خون ہے، ہندو کا خون ہے، ہمارا خون ہے یا ہمارے دیش کا خون ہے یا ہم ہندوستانیوں کا خون ہے اس لعنت سے اس دہشت گردی کی لعنت سے جتنی بھی جلدی چھٹکارہ پایا جاسکے اور حکومت اس میں جتنا بھی کچھ کر سکے اسکے لئے سارے لوگوں نے یہاں سمرتھن دے دیا ہے، حمایت دے دی ہے۔ ہم پوری حکومت کی ایک ہیں۔ اسلئے انسانیت کو بچانے کے لئے اس لعنت کو ختم کرنا ضروری ہے۔

ہر شریف آدمی جس میں تھوڑی سی بھی شرافت کی بو ہو وہ اس کمینہ پن کو کبھی برداشت نہیں کریگا اور تمام سیاسی نظریات کے لوگوں کو یہ چاہیئے کہ اپنی پارٹی کی امیج کو اس بہانے سے ٹھیک کرنے کی کوشش کرتے ہوئے ہم ایک دوسرے پر الزام لگائیں وہ اور کسی مسئلے میں ممکن ہے جائز ہے لیکن اس مسئلے میں یہ بات جائز نہیں ہو سکتی۔ یہاں ہر آدمی چاہے وہ کسی بھی پارٹی کے ساتھ ہے، جو یہاں ایک کوڑھ کی بیماری پھیل رہی ہے اسکو دور کرنے کی کوشش کرے۔ اسلئے نہیں کہ یہ کوڑھ کانگریس کو ہو سکتا ہے، نیشنل کانفرنس کو نہیں ہو سکتا، بی جے پی کو نہیں ہو سکتا۔ اس کوڑھ کی بیماری کا علاج سب کو ملکر کرنا ہے۔ اسکے کارن کیا ہیں اور یہ پیدا کیوں ہوئی ہے؟ اگر ہم اس پر چلے جائیں تو اس حمام میں بہت سے لوگ ننگے ثابت ہو جائیں گے۔ کن کن لوگوں کی غلطی سے یہ چیزیں آج تک ہوئی ہیں۔ کیونکہ یہ بہت سنجیدہ ہو رہی ہے اسلئے میں ان چیزوں کی نشان دہی نہیں کرنا چاہتا ہوں۔ میں صرف اگر اور مگر کرنا چاہتا ہوں۔ کل میں نے ٹیلی ویژن پر یہ بات

†[ ]Transilteration in Arabic Script

107/RS

میری یہ گزارش ہوگی کہ کشمیر، ہماچل پردیش، ہریانہ، دہلی اور پنجاب جو ہے انکو ملاکر بلکہ دہلی کو بھی ملا کے سات تھے ملاکر، ان پانچ سرکاروں کو ملاکر ایک کوآرڈینیشن گروپ قائم کرلیں اور وہ نگاہ رکھے۔ بارڈر میٹیریل یہاں پر ہیں اور انکو کوآرڈینیٹ کرکے ان پر نگاہ رکھی جائے۔ میں اس سلسلے میں ایک بریگیڈیر صاحب سے کچھ سنبھال پہلے ملا تھا۔ انھوں نے اس وقت مجھسے کہا تھا کہ جب ٹیررزم کشمیر میں شروع ہو رہا تھا، لوگ جا رہے تھے، میں نے انسے پوچھا تھا کہ یہ آپکی موجودگی میں کیوں ہو رہا ہے؟ تو انھوں نے کہا کہ ہمیں کوئی ڈائریکشن نہیں دی گئی ہے۔ ہم لوگوں کو پتہ نہیں کہ ہمیں کیا کرنا ہے۔ ہمیں کچھ معلوم نہیں۔ اسوقت بی۔ جے۔ پی کی سرکار نہیں تھی۔ اسوقت کوئی دوسری سرکار تھی۔ اس سلسلے میں پہلے پوری جانکاری حاصل کرنی ہے، یہ انٹیلیجنس سے ہوگی۔ دوسرا ہمیں پوری تو بوگرافی معلوم ہونی چاہیے، وہ بھی انٹیلیجنس سے ہوگی۔ میں نے فون کرکے بڑے بڑے لوگوں سے بات کی تا

MR. CHAIRMAN: Now it is one O'clock. We will adjourn for lunch after the reply.

†شری شریف الدین شارق: وہ کہتے ہیں کہ بارڈر ایسا ہے کہ اس پر فول پروف

†[ ]Transilteration in Arabic Script

سنی کہ دہشت گردوں نے ہماچل میں اتنے لوگوں کو مارا تو مجھے انتہائی افسوس ہوا۔ ایک طرف سرکار کہتی ہے کہ یہ پاکستان سے بھیجے ہوئے لوگ ہیں، غیر ملکی ہیں۔ دوسری طرف آپکا میڈیا کہتا ہے یہ کشمیری ہیں۔ مجھے نہیں معلوم یہ کون ہیں۔ آپکی اسٹیٹمنٹ میں یہ لکھا ہے "اسپانسرڈ ٹیررسٹ سپیسیلسٹ"، انکو بھی شبہ ہے کہ یہ اسپانسرڈ ہیں۔ یہ کون ہے، ہماری ایجنسی کہاں ہے؟ آئی۔ بی کا بڑا نام سنتے ہیں۔ آج تک کسی نے ذمہ داری نہیں نبھائی۔ کیونکہ ہمیں معلوم نہیں ہوتا ہے، ہمارے ملک میں کیا ہو رہا ہے اور کیا ہونے والا ہے؟ اتنی بڑی رقم ہم خرچ کرکے ہمیں اپنی انٹیلی جنس سروس کو چلانے کے لئے، انکی ذمہ داری کیا ہیں؟ ہم پر آفت کے آنے کے بعد انکو پتہ چلتا ہے اور اسکے بعد ہمیشہ یہ مذاق ہوتا ہے کہ فلاں جگہ یہ گھسنا تھی اور موقع پر افسر چلے گئے۔ اس سے پہلے ہمیں پتہ نہیں ہوتا ہماری خامیاں کیا ہیں۔ اس میں سرخاب سانی کی جتنی بھی ایجنسیاں کام کر رہی ہیں ملک میں، انکی خامیاں کیا ہیں؟ میں آنریبل ہوم منسٹر صاحب کی اس سلسلے میں توجہ چاہونگا کہ وہ اس کی طرف دیکھیں تا کہ خامیاں دور ہو جائیں۔

107/RS

کے بارے میں کہا کہ سیکیورٹی فورسیز کا کام بہت شاندار رہا، قابل تعریف رہا۔ لیکن ساری اسٹوری فیبریکیٹیڈ نہیں ہے، بہت ہی خطرناک کام ان کے ہاتھ سے ہوا اسکی میں آپکو مثال دے سکتا ہوں۔ میری گزارش اس سلسلے میں یہ ہے کہ پانچ دریاستوں، پنجاب سے لیکر دہلی تک کمانڈ کو آرڈینیشن گروپ بنایا جائے انکی جوائنٹ کمانڈ بنائی جائے۔ یہ جوائنٹ کمانڈ اس چیز کو وہاں دیکھے۔ جتنے بھی بارڈر ایریاز ہیں، وہاں جو جنگل ہیں وہاں بڑی بڑی پوسٹ لگائی جائیں۔ جیسا کہ غلام نبی آزاد نے اور دھرم ویر سنگھ جی نے کہا کہ بھدرواہ سے لیکر جسپا تک آدمی کا پھیلاؤ کیا جائے اور جتنے بھی لوگ اس سے منسلک ہوں انکو کڑی سزا دی جائے۔ لیکن یہ سب کرتے کرتے اس بات کو دھیان میں رکھیں جہاں آپ دس ملی ٹینٹ کو مارتے ہیں اس پر کوئی ری ایکشن نہیں ہوتا، لیکن جہاں بے گناہ مر جاتا ہے تو سارے کرے کرائے پر پانی پھر جاتا ہے۔ آپکو فورسیز کو ہدایت دینی چاہئے کہ لوگوں کا ہراسمنٹ نہیں ہونا چاہئے۔ میرے پاس ایسی کئی ہی مثالیں ہیں، بہت سی مثالیں میں دے سکتا ہوں جسمیں بے گناہ لوگ مارے گئے ہیں۔ بہت سے نوجوان ایسے ہیں جنکا پتہ ہی نہیں چلا ہے۔ انکو اغوا کرکے لے گئے تھے اور نظر نہیں رکھی جا سکتی ہے۔ اس پر بہت ہی نالے ہیں، بہت ہی ندیاں ہیں، بہت ہی گہرے جنگل ہیں۔ اس پر پورا قابو نہیں پایا جا سکتا۔ اگر یہ بات ہے تو پھر یہ افسوسناک بات ہے۔ آج اتنی بڑی تکنالوجی ہے آج اتنے بڑے ہتھیار ہیں، آج ہمارے پاس اتنے گن شپ ہیلی کاپٹرس ہیں تب بھی ہم دیکھ نہیں پاتے ہیں کہ ہمارے بارڈر سے کون آتا ہے۔ یہ ہمارے تجربہ کی بات ہے کیونکہ ہم اس سیوا کی میں پچھلے آٹھ دس سالوں سے پھنسے ہیں اور اسکے سب سے زیادہ وکٹم ہم کشمیر کے لوگ ہیں۔ بی ایس ایف کے سامنے اگر ملی ٹینٹ سرینڈر کرتے ہیں تو فوج والے ناراض ہوتے ہیں کہ اس سے ہمارا ریکنک خراب ہوتا ہے یہ ہمارے پاس کیوں نہیں آئے۔ اگر فوج کے باہر سرینڈر کرتے ہیں تو سی۔آر۔پی۔ایف والے کہتے ہیں کہ ہم تو نزدیک تھے ہمارے پاس کیوں نہیں آئے اپنے گھر والوں کے ساتھ وہ مار پیٹ کرتے ہیں۔ اسی طرح سے انھوں نے یہ بھی کہا کہ کوآرڈینیشن کی کمی ہے۔ اس میں کوئی شک نہیں ہے۔ یہ ہمارے تجربہ کی بات ہے اور ان شوری صاحب نے ایک مثال دی کہ فیبریکیٹیڈ اسٹوری کہی گئی ہے۔ انھوں نے سیکیورٹی فورسیز



मौलाना ओबेदुल्ला खान आज़मी: शुक्रिया सदरे मोहतरम् आज जिस दर्दनाक हादसे पर एक बार फिर बहस हो रही है हम अपनी रवायत के मुताबिक आज फिर अपने उन भाई बहनों को श्रद्धांजलि देने के लिए सोगवार है जिन्हें दरिंदगी का शिकार बनाया गया है चम्बा हिमाचल प्रदेश में। इससे पहले जब डोडा मे यह वारदात हुई थी, उस वक्त भी हम लोगों ने अपने खदशात का इज़हार किया था और मैंने यह अर्ज़ किया था, होम मिनिस्टर साहब चौकन्ना रहिये हज़ारबार खुदा-ना-खास्ता कहीं ऐसा न हो कि इसी तरह की श्रद्धांजलि हम लोगों को फिर देनी पड़े कहीं न कहीं इसलिए कि हमारा दुश्मन बहुत चौकन्ना है और उससे ज्यादा चौकन्ना रहने की हमारी हकूमत को ज़रूरत थी। मैं उनकी नीयत पर कोई शक नहीं करता मगर इतनी जल्दी हमारे दुश्मन ने हमारे सोगवार होने का, हमारे ग़मज़दा होने का जवाब मज़ीद सोगवार होने की बुनियाद पर जो दिया है, यह बहुत ही हैरतनाक बात है। हमारे पास जो ताकत है, लाख हम यह कहे कि टेररिज्म बड़ी ताकत के साथ मुल्क के आवाम को कुचल रहा है मगर टेररिज्म के पास इतनी बड़ी ताकत तो नहीं है जितनी बड़ी ताकत के हम मालिक हैं। टेररिस्टों के पास इतना बड़ा हौसला तो नहीं होना चाहिये हमारे आवाम को मारने का जितना बड़ा हौसला हमारे पास होना चाहिये टेररिस्टों को कुचलने का यहां तो आलम यह है–

अजब कुछ फेर में है सीने वाला जेबो दामां का,

जो यह टांका तो वो उधड़ा, जो वो उधड़ा तो यह टांका।

जो लोग मारे जा रहे हैं, मर गए, उन्हें तो हम श्रद्धांजलि दे रहे हैं मगर जो लोग उस इलाके में खौफ़ो दहशत की हिरासत में है उनका माफिज़ ज़मीर आपसे यह कहता है कि–

हमने माना कि तगाफुल न करोगे लेकिन ख़ाक हो जाएंगे हम तुमको खबर होने तक।

यह सिलसिला कब तक चलता रहेगा? देश की आवाम का यह पूछना हक-बजातिब है, होम मिनिस्टर साहब।

कहते रहो रुदादे अलम कुछ न कहेंगे,

बेहिस हैं यह पत्थर के सनम्, कुछ न कहेंगे

मुरझाए हुए फूल हैं, सूखी हुई कलियां,

गुलशन पे है यह किसका करम? कुछ न कहेंगे

क्या अब भी वक्त नहीं आया है अपनी नाकामी पर पर्दा डालने के बजाय कामयाबी के साथ आप्रेशन करने का? अगर कुछ बातें कही जाती हैं यकीनन मैं इस बात से नफरत करता हूं, गलत भी समझता हूं कि ऐसे सैंसेटिव मिसाइल पर सियासी बाज़ीगरी का तमाशा किया जाए। हमारी सियासी बाज़ीगरी मज़ीद ज़ानें तो ले सकती है, मरने वालों के साथ सिंपेथी और हमदर्दी का कोई जज़्बा पूरा नहीं कर सकती। कुछ लोगों ने होम मिनिस्टर साहब से इस्तीफ़ मागा तो कुछ लोगों ने कहा कि होम मिनिस्टर साहब का इस्तीफ मांगना शर्म की बात है। मैं कहता हूं होम मिनिस्टर साहब से इस्तीफ मांगना शर्म की बात नहीं है, इतने शर्मनाक वाकयात के होने के बाद उस कुर्सी पर बैठना, यह शर्म की बात है। इसको भी अगर आप सियासत कहेंगे तो यह सियासत नहीं है, यह खुदगर्ज़ी नहीं है। यह सच्चाई है। मै यह नहीं कहता कि होम मिनिस्टर साहब की नीयत में खोट है, मैं यह नहीं कहता कि होम मिनिस्टर

साहब मुल्क की भलाई नहीं चाहते, होम मिनिस्टर साहब मुल्क की भलाई के लिए तो रथ यात्राएं करते हैं, मुल्क की भलाई क्यो नहीं चाहेंगे? मगर यह कहना कि होम मिनिस्टर साहब से इस्तीफा मांगना शर्मिंदगी की बात है, शर्मिंदगी की बात तो यह है कि होम मिनिस्टर साहब मौजूद हैं, देश के मज़लूम आवाम मारे जा रहे हैं, शर्मिंदगी की बात यह है कि हमारा दुश्मन बार बार उसी इलाके में हम को चुनौती दे रहा है ओर हम अपने दुश्मन के हाथ पैर तोड़ने में नाकाम हैं। क्या इस देश के आवाम का एहतमाद नहीं टूटेगा? क्या दूसरे इलाके के लेग खौफो दहशत की हिरासत में नही जकड़े जाएंगे? इस बात को आप हज़रात खसूसीइयत से सियासी तनाज़ुर में ले कर के पार्टीबंदी की बातें न कीजिये, बल्कि जो रिसपॉसिबिलिटी हम सब लोगों की बनती है, जितनी होम मिनिस्टर साहब की ज़िम्मेदारी है, उतनी ज़िम्मेदारी हमारी भी है मगर हमारी ज़िम्मेदारी के दायरे महदूर हैं, उनकी जिम्मेदारी के दायरे लामहदूद हैं। हमारे हुक्म से फोर्स नहीं जाएगी, उनके हुक्म से फोर्स जाएगी। हमारे हुक्म से वातावरण नही बदलेगा, उनके हुक्म से वाताबरण बदलेगा। इसलिए जब ताकत उनके हाथ में है तो ताकत का सही प्रयोग नहीं होगा, हम उन आवाम और मज़लूम लोगों की तरफसे ज़रूर एहतज़ात करेंगे जिनके जानोमाल की हिफ्ज़त की जिम्मेदारी हमारे सिरों पर आती हैं, हम वचनबद्ध है, हम उसके लिए शपथ ग्रहण करते हैं देश के आवाम का खून बहता है इसे आसानी से फरामोश नहीं किया जाएगा। एक बात अपने पार्लियामेंट हाउस के जरिए मैं पाकिस्तान से भी कहना चाहता हूं। अगर उनका मुर्दा जमीर कही से जिंदा हो तो मैं यह कहना चाहूंगा कि जेहाद के नाम पर जो बदतहजीवी हो रही है उसे रोक दीजिए। कुराने पाक में तो साफतौर पर यह कहा गया है– जिस किसी व्यक्ति ने कभी बेकसूर व्यक्ति को मारा उसने गोया सारे मानव संसार की हत्या कर दी। जिस किसी व्यक्ति ने कभी एक व्यक्ति को बचा लिया, उसने मानव संसार को जीवन दान दिया इस्लाम के नाम पर बनने वाला पाकिस्तान, कलमे के नाम पर बनने वाल पाकिस्तान, कलमे का तहारूफऔर इस्लाम का परिचय अगर इस तरह से करवाएगा तो उस मुकद्दस कानून की बेहुरमती वह खुद करने का जिम्मेदार है। इसलिए मैं पाकिस्तान से आए हुए आतंकवादियों के जरिए जो ये घटनाएं घट रही है उनकी भी निन्दा करता हूं। मेरे पास जितनी पावर है, जितनी ताकत है, उस ताकत के साथ उनकी हवस को और उनकी बदनीयती को कुचलता हूं। मगर साथ भी साथ अपनी हुकूमत से भी यह कहना चाहूंगा, जिस तरह से मेरे सारे साथियों ने कहा कि हम सभी लेग आपके साथ हैं।

अरुण शौरी साहब ने एक बात कही थी कि जो योजनाएं गवर्नमेंट बनाए उसे लोगों को नहीं बताना चाहिए इसलिए कि दुश्मन को भी इसकी खबर होती है। मैं यह कहना चाहूंगा कि जो कुछ बताने में हमारे देश का फायदा हो, हमारे अवाम को फायदा हो ओर हमारे अवाम का मनोबल बढ़ता हो तो वह जरूर बताना चाहिए और जो कुछ बताने में हमारे देश का नुकसान हो, हमारे अवाम का नुकसान हो उसे सारे लोगों को न बताकर उन जिम्मेदार लोगों को बताया जाए जिन जिम्मेदार लोगों ने यहां से खड़े होकर बार-बार आपसे यह कहा है कि मुल्क की एकता और अखंडता पर हम किसी तरह का कोई सौदा बर्दाशत नहीं कर सकते। देश की कोई बेहुरमती हो उसको बर्दाशत नहीं कर सकते कम से कम उन लोगों को अपने चैम्बर में बुलाकर विश्वास में लीजिए ताकि हाउस में इस तरह से लेाग सवाल न करे कि आप जो योजनाएं बना रहे हैं वे बताएं कुछ योजनाएं जो अवाम को बताने की है वे जरूर बताए और कुछ योजनाएं जो खवास को बताने की हैं, अवाम को बताने से देश का नुकसान होगा, उसे अवाम से छुपा लेना ही बेहतर है।

मैं सिर्फ सवाल के तौर पर एक बात होम मिनिस्टर से कहना चाहता हूं। जब घटना घट जाती है तो उसके बाद आदत के मुताबिक और रवायत के मुताबिक बयान दे दिया जाता है। हादसा होने के बाद जो बयान दिया जाता है उस बयान के जरिए सिर्फ हुकूमत की बेबसी और मजबूरी झलकती है। हमने इतनी फोर्स भेज दी, हमने उस गवर्नमेंट से बात कर ली, हम इसका पता लगा रहे हैं, उसका पता लगा रहे हैं। आइंदा यह न होने पाए, कोई एक्शन प्लान अगर आपका ऐसा है ओर बताने के लायक है तो जरूर बताएं। छिपाने के लायक है तो उन खवास को बता दीजिए जो लोग इस देश के नेता है और इस देश के लोगों को जानते हैं।

पुलिस क्या नहीं कर सकती? हमारी पुलिस एक काम में बड़ी माहिर है। दुनिया के मुल्कों की पुलिस, चोरी होने के बाद बड़ी तेजी के साथ कहीं एक घंटे में, कही दो घंटे में ओर कही तीन-चार घंटे में बता देती हैं। हमारी पुलिस इतनी तेज है कि चोरी होने से दस दिन पहले बता देती है इसलिए कि वहां माल चोर के साथ लूटना है। यह मैं बड़ी सफाई के साथ कहना चाहूंगा मेरा बड़ा अध्ययन है थानों का। मेरा अध्ययन है पुलिस का। मैं यह कहना चाहूंगा–चोर-चोर मौसेरे भाई। कुछ लोग वर्दी पहनकर चोरी करते, करवाते है, कुछ लोग बिना वर्दी के। कुछ लोग कानून की शपथ ग्रहण करके चोरी करवाते हैं, कुछ लोग कानून का मजाक उड़ाकर ...(व्यवधान)

श्री संघ प्रिय गौतम: नेता भी हिस्सेदार हैं। पैसा लेकर भर्ती कराते हैं ... (व्यवधान)

मौलाना अबदुल्ल खान आज़मी: जरूर होंगे। हम उसका इन्कार नहीं करते नेताजी ...(व्यवधान) नेताजी हम उसका इन्कार नहीं करते। नेता भी होंगे, जरूर होंगे। मगर मैं आपसे यह कहना चाहता हूं कि पुलिस जब माल लेना हो; सौदेबाजी करनी हो, लाख-दो लाख लूटने वालों के साथ अपना भविष्य बनाना हो तब तो चोर को भी पहचानती है, चोरी को भी पहचानती है और जब देश बनाना हो तब इस देश की खुफिया एजेंसी या इस देश की पुलिस ऐसे निकम्मों के प्लान को नाकाम करने के लिए बार्डर फोर्स को या फौज को या उस इलाके में जो लोग निगाहदस्त करने वाले लोग हैं, उनको खबर देने के लिए कुछ सक्रिय नहीं होती अगर है तो मैं होम मिनिस्टर साहब से जानना चाहूंगा कि वे लोग इलाकाई तौर पर क्या 24 घंटे पहले या कुछ और पहले हुकूमत को इसका संकेत दे चुके थे कि इन इलाकों में भी इस तरह की घटना हो सकती है। अगर उन्होंने संकेत आपको दिया है तब तो हो सकता है कि कंट्रोवर्शियल बात हो, तो कुछ अपनी बात वापस भी ले लूं और अगर उन्होंने संकेत नहीं दिया है तो क्या मकामी पुलिस की जिम्मेदारी नहीं है? सिर्फ चोरों के बारे में मालूम करना और रिश्वत लेने के बारे में मालूम करना होता है, देश बचाने के बारे में सक्रिय होने से शर्म आती है?

इसलिए मैं आपसे दो बातें जानना चाहूंगा कि क्या मकामी पुलिस को इस तरह की कोई खबर थी कि आतंकवादी इस इलाके पर भी हमला करने वाले हैं? दूसरी बात, आपके एक्शन प्लान में क्या है? ताकि फिर दोबारा हमको बार-बार कुछ दूसरे इलाकों के लोगों को श्रद्धांजलि देने की नौबत न आए। इस सिलसिले में आप क्या कदम उठायेंगे? शुक्रिया।

†मौलाना अबैदुल्लाह खान आज़मी "बहार": शुक्रिया सदर मोहतरम, आज जिस दर्दनाक हादसे पर एक बार फिर बहस हो रही है, हम अपनी रवायत के मुताबिक आज फिर अपने उन भाई बहनों को शरदांजलि देने के लिए सोगवार हैं जिन्हें दरिंदगी का शिकार बनाया गया है, चाहे वह चाल पर देश में, उस से पहले जब डोडा में

†[ ] Transliteration in Arabic Script

یہ واردات ہوئی تھی تو اس وقت بھی ہم لوگوں نے اپنے خوشنلات کا اظہار کیا تھا اور میں نے یہ عرض کیا تھا، ہوم منسٹر صاحب چوکنا رہیے، ہزار بار خدا نخواستہ کہیں ایسا نہ ہو کہ اسی طرح کی شردھانجلی ہم لوگوں کو پھر دینی پڑے کہیں نہ کہیں اسلئے کہ ہمارا دشمن بہت چوکنا ہے، اور اس سے زیادہ چوکنا رہنے کی ہماری حکومت کو ضرورت تھی - میں انکی نیت پر کوئی شک نہیں کر رہا ہوں مگر اتنی جلدی ہمارے دشمن نے ہمارے سوگوار ہونے کا، ہمارے غمزدہ ہونے کا جواب مزید سوگوار ہونے کی بنیاد پر دے دیا ہے، یہ بہت ہی حیرت ناک بات ہے - ہمارے پاس جو طاقت ہے، لاکھ ہم یہ نہیں کہ ٹیرورزم بڑی طاقت کے ساتھ ملک کے عوام کو کچل رہا ہے، مگر ٹیرورزم کے پاس اتنی بڑی طاقت تو نہیں ہے جتنی بڑی طاقت کے ہم مالک ہیں - ٹیرورسٹوں کے پاس اتنا بڑا حوصلہ تو نہیں ہونا چاہیے کہ ہمارے عوام کو مارنے کا، جتنا بڑا حوصلہ ہمارے پاس ہونا چاہیے ٹیرورسٹوں کو کچلنے کا - یہاں تو عالم یہ ہے:

عجب کچھ پیر میں ہے سینۂ لاجیت دہلی کا
جو یہ ٹانکا تو وہ ادھڑا، جو وہ ادھڑا تو یہ ٹانکا

جو لوگ مارے جا رہے ہیں مر گئے، انھیں تو ہم شردھانجلی دے رہے ہیں، مگر جو لوگ اس

نہیں، یہ خود غرضی نہیں ہے، یہ سچائی ہے۔
میں یہ نہیں کہتا کہ ہوم منسٹر صاحب کی نیت میں کھوٹ ہے۔ میں یہ نہیں کہتا کہ ہوم منسٹر صاحب ملک کی بھلائی نہیں چاہتے، ہوم منسٹر صاحب ملک کی بھلائی کے لئے تو رتھ یاترائیں کرتے ہیں، ملک کی بھلائی کیکریاں نہیں چاہیں گے مگر یہ کہنا کہ ہوم منسٹر صاحب سے استعفیٰ مانگنا شرمندگی کی بات ہے، شرمندگی کی بات تو یہ ہے کہ ہوم منسٹر صاحب موجود ہیں دیش کے مظلوم عوام مارے جارہے ہیں، شرمندگی کی بات یہ ہے کہ ہمارا دشمن بار بار اس علاقہ میں ہمکو چنوتی دے رہا ہے اور ہم اپنے دشمن کے ہاتھ پیر توڑنے میں ناکام ہیں۔ کیا اس کی عوام کا اعتماد نہیں ٹوٹے گا؟ کیا دوسرے علاقہ کے لوگ خوف و دہشت کی حراست میں نہیں جکڑے جائیں گے؟ اس بات کو آپ خصوصیت سے سیاسی تناظر میں رکھ کے پارٹی بندی کی بات نہ کیجئے، بلکہ جو رسپانسیبلیٹی ہم سب لوگوں کو بنتی ہے، جتنی ہوم منسٹر صاحب کی ذمہ داری ہے اتنی ذمہ داری ہماری بھی ہے، مگر ہماری ذمہ داری کے دائرے محدود ہیں، انکی ذمہ داری کے دائرے لامحدود ہیں۔ ہمارے حکم سے فورس نہیں جائیگی انکے حکم سے فورس جائیگی۔ ہمارے حکم سے وہ تاور نہیں بدلے گا، انکے حکم سے وہ تاور بدلے گا۔ اس لئے جب طاقت انکے ہاتھ

علاقہ میں خوف و دہشت کی حراست میں ہیں انکا مافی الضمیر آپ سے یہ کہتا ہے کہ۔

ہم سنبھالا کہ تغافل نہ کروگے لیکن
خاک ہوجائینگے ہم تم کو خبر ہونے تک

یہ سلسلہ کب تک چلتا رہیگا؟ دیش کی عوام کا یہ سوچنا حق بجانب ہے ہوم منسٹر صاحب:

لکھتے رہے جنوں کی حکایت خونچکاں
ہر چند اس میں ہاتھ ہمارے قلم ہوئے

بے حس ہیں یہ پتھر کے صنم کچھ نہ کہیں گے
مرجھائے ہوئے پھول ہیں، ٹوٹی ہوئی کلیاں
گلشن پہ یہ کس کا کرم کچھ نہ کہیں گے

کیا اب بھی وقت نہیں آیا ہے اپنی ناکامی پر پردہ ڈالنے کے بجائے کامیابی کے ساتھ آپریشن کرنے کا؟ اگر کچھ باتیں کہی گئی ہیں، یقیناً میں اس بات سے نفرت کرتا ہوں، غلط بھی سمجھتا ہوں کہ ایسے حساس مسائل پر سیاسی بازی گری کا تماشہ کیا جائے۔ ہماری سیاسی بازی گری مزید جانیں تو دے سکتی ہے، مرنے والوں کے ساتھ سمپیتھی اور ہمدردی کا کوئی جذبہ پورا نہیں کر سکتی۔ کچھ لوگوں نے ہوم منسٹر صاحب سے استعفیٰ مانگا، کچھ لوگوں نے کہا کہ ہوم منسٹر کا استعفیٰ مانگنا شرم کی بات ہے۔ میں کہتا ہوں منسٹر صاحب سے استعفیٰ مانگنا شرم کی بات نہیں ہے، اتنے شرمناک واقعات ہونے کے بعد اس کرسی پر بیٹھنا یہ شرم کی بات ہے۔ اسکو بھی اگر آپ سیاست کہیں گے تو یہ سیاست

کے ذریعہ جو یہ گھٹنائیں گھٹ رہی ہیں انکی بھی نندا کرتا ہوں۔ میرے پاس جتنی یاد رہے جتنی طاقت ہے اس طاقت کے ساتھ انکی بھوس کو اور انکی بوزیشن کو کچلتا ہوں مگر ساتھ ہی ساتھ اپنی حکومت سے بھی یہ کہنا چاہوں گا کہ ہم سبھی لوگ آپکے ساتھ ہیں۔

اودن شودی صاحب نے ایک بات کہی تھی کہ جو یہ جنائیں اسے لوگوں کو نہیں بتانا چاہئے اس لئے کہ دشمن کو بھی اسکی خبر ہوتی ہے۔ میں یہ کہنا چاہوں گا کہ جو کچھ بتانے میں ہمارے دیش کا فائدہ ہو، ہمارے عوام کا فائدہ ہو اور ہمارے عوام کا منوبل بڑھتا ہو تو وہ ضرور بتانا چاہئے، اور جو کچھ بتانے میں ہمارے دیش کا نقصان ہو، ہمارے عوام کا نقصان ہو، اسے سارے لوگوں کو یہ بتا کر ان ذمہ دار لوگوں کو بتایا جائے جن ذمہ دار لوگوں نے یہاں سے گھوم پھر کر بار بار آپ سے یہ کہا ہے کہ ملک کی ایکتا اور اکھنڈتا پر ہم کسی طرح کا سودا برداشت نہیں کر سکتے۔ دیش کی کوئی بے حرمتی ہو اس کو برداشت نہیں کر سکتے۔ کم سے کم ان لوگوں کو اپنے چیمبر میں بلا کر وشواس میں لیجئے تاکہ ہاؤس میں اس طرح سے وہ سوال نہ کریں کہ آپ جو یہ جنائیں بنا رہے ہیں وہ جنائیں۔ کچھ یہ جنائیں میں ہے تو طاقت کا صحیح ایکوگ نہیں ہوگا، ہم ان عوام اور مزدوروں کی طرف سے ضرور احتجاج کریں گے جنکے جان و مال کی حفاظت کی ذمہ داری ہمارے کندھوں پر آتی ہے، ہم وچن و دھ ہیں، ہم اسکے لئے شیشہ گر ہونا کرتے ہیں دیش عوام کا خون بہتا ہے، اسے آسانی سے فراموش نہیں کیا جا سکتا ہے۔

ایک بات اپنی پارلیمنٹ ہاؤس کے ذریعہ میں پاکستان سے بھی کہنا چاہتا ہوں، اگر انکا مردہ ضمیر کہیں سے زندہ ہو تو میں یہ کہنا چاہتا ہوں کہ جہاد کے نام پر جو دہشت گردی ہو رہی ہے اسے روک دیجئے۔ قرآن پاک میں تو صاف طور پر یہ کہا گیا ہے:

مَن قَتَلَ نَفسًا بِغَیرِ نَفسٍ اَو فَسَادٍ فِی الاَرضِ فَکَاَنَّمَا قَتَلَ النَّاسَ جَمِیعًا ۝

"جس کسی ویکتی نے بھی بے قصور ویکتی کو مارا اسنے گویا سارے مانو سمسار کی ہتھیا کر دی۔"

وَمَن اَحیَاھَا فَکَاَنَّمَا اَحیَا النَّاسَ جَمِیعًا ۝

"جس کسی ویکتی نے بھی ایک ویکتی کو بچا لیا اس نے مانو سمسار کو جیون دان دیا۔"

اسلام کے نام پر بننے والا پاکستان کلمہ کے نام پر بننے والا پاکستان، کلمہ کا تعارف اور اسلام کا پرچم اگر اس طرح سے کروائیگا تو اس مقدس فانوں کی بے حرمتی وہ خود کرنے کا ذمہ دار ہے۔ اس لئے میں پاکستان سے آئے ہوئے آتنکوادیوں

لوٹنا ہے۔ میں بڑی صفائی کے ساتھ کہنا چاہوں گا۔ میرا اشارہ ان تھانوں کا۔ میرا اشارہ ہے پولیس کا۔ میں یہ کہنا چاہتا ہوں "چور چور موسیرے بھائی"۔ کچھ لوگ وردی پہن کر چوری کرتے ہیں، کرواتے ہیں، کچھ لوگ بنا وردی کے۔ کچھ لوگ تھانوں کی شہ پر گرہن کرکے چوری کرواتے ہیں، کچھ لوگ تھانوں کا مذاق اڑاکر... مداخلت"...

شری سنگھ پریہ گوتم: نیتا بھی حصہ دار ہیں، پیسہ لیکر بھرتی کرواتے ہیں۔

†[مولانا عبیداللہ خاں اعظمی: ضرور ہوں گے ہم اسکا انکار نہیں کرتے ہیں نیتا جی، ... "مداخلت"... نیتا جی ہم اسکا انکار نہیں کرتے۔ نیتا بھی ہوں گے، ضرور ہوں گے مگر میں آپ سے یہ کہنا چاہتا ہوں کہ پولیس جب مال لینا ہو، سودے بازی کرنی ہو، لاکھ دو لاکھ موٹر والوں کے ساتھ اپنا بھوتنے بنانا ہو تو تب تو چور کو بھی پہچانتی ہے، چور کو بھی پہچانتی ہے اور جب دیش بنانا ہو تب اس دیش کی خفیہ ایجنسی یا اس دیش کی پولیس ایسے نکموں کے پلان کو ناکام کرنے کے لیے ہر ڈرفورس یا فوج کو یا اس علاقہ میں جو لوگ نگہداشت کرنے والے لوگ ہیں، انکو خبر دینے کے لیے کچھ سکریٹ نہیں ہوتی۔ اگر ہے تو میں ہوم منسٹر صاحب سے کہنا چاہوں گا کہ وہ لوگ جو عام کو بتانے کی ہیں وہ ضرور بتائیں اور کچھ جو بتائیں جو خواص کو بتانے کی ہیں، عوام کو بتانے سے دیش کا نقصان ہوگا، اسے عوام سے چھپا لینا ہی بہتر ہے۔

میں صرف سوال کے طور پر ایک بات ہوم منسٹر سے کہنا چاہتا ہوں، جب گھنٹا گھٹ جاتی ہے تو اسکے بعد عادت کے مطابق اور روایت کے مطابق بیان دے دیا جاتا ہے۔ حادثہ ہونے کے بعد جو بیان دیا جاتا ہے اس بیان کے ذریعہ صرف حکومت کی بے بسی اور مجبوری جھلکتی ہے۔ ہم نے اتنی فورس بھیج دی، ہم نے اس گورنمنٹ سے بات کری، ہم اس کا پتہ لگا رہے ہیں، ہم اسکا پتہ لگا رہے ہیں۔ آئندہ یہ نہ ہونے پائے، کوئی ایکشن پلان اگر آپکا ہے اور بتانے کے لائق ہے تو ضرور بتائیں، چھپانے کے لائق ہے تو ان خواص کو بتا دیجئے۔ جو لوگ اس دیش کے نیتا ہیں اور اس دیش کے لوگوں کو جانتے ہیں۔ پولیس کیا نہیں کر سکتی ہے ہماری پولیس ایک کام میں بڑی ماہر ہے۔ دنیا کے ملکوں میں پولیس چوری ہونے کے بعد بڑی تیزی کے ساتھ کہیں ایک گھنٹہ میں کہیں دو گھنٹہ میں اور کہیں تین چار گھنٹہ میں بتا دیتی ہے۔ ہماری پولیس اتنی تیز ہے کہ چوری ہونے سے دس دن پہلے بتا دیتی ہے۔ اسلئے کہ وہاں مال چور کے ساتھ



श्री सभापति: श्री डी.पी. यादव कहते हैं कि मेरी मेडन स्पीच है। इसलिए दो मिनट में खत्म कीजिए। श्री डी.पी. यादव।

श्री डी॰पी॰ यादव (उत्तर प्रदेश): सभापति महोदय, मैं शुक्रगुजार हूं, वैसे भी राज्य सभा में नया सदस्य हूं, इस विषय पर बोलने का आपने मौका दिया है।

श्री सभापति: यह क्लैरीफिकेशन के लिए है।

कई माननीय सदस्य: मेडन क्लैरीफिकेशन।

श्री डी॰पी॰ यादव: महोदय, एक बार फिर निर्दोष और मासूम लोगों के ऊपर कहर बरसा है। पहली बार यह घटना नहीं घटी, लगातार एक वर्ष में मैं समझता हूं कि छठी या सातवीं यह घटना है। सवाल यह है कि नीयत न सरकार की बुरी हो सकती है और न ही गृह मंत्री की, लेकिन एक जलता हुआ सवाल सब के सामने है कि लगातार घटने वाली घटनाओं का इंतजाम अगर हम लोग नहीं करेंगे, सरकार नहीं करेगी तो कल यह आकाया डोडा में बीता था, आज हिमाचल में बीता है और कल इस बात का, इस आतंकवाद का सामना पूरे देश को करना पड़ेगा। मासूम और निर्दोष लोगों की हत्याएं लगातार होती रहेंगी। यह बहुत बड़ा सवाल आज पूरे देश के सामने है।

सभापति महोदय, मैं सवाल नहीं, सुझाव के रूप में कहना चाहता हूं। ऐसे ही कोई किसी को मानता नहीं है और मेरा सुझाव है कि हम डिफैंसिव रोल नहीं, ऑफैंसिव रोल तक जब तक नहीं जायेंगे, मेरा मकसद, मेरा कहना, अपने मुल्क को, देश को किसी लड़ाई में झोंकने से नहीं है, लेकिन मैं यह जरूर कहना चाहता हूं कि जब तक जवाब देने की आदत हम लोगों में नहीं बनेगी, जब तक हम लोग यह साबित नहीं कर पायेंगे कि हम जवाब देना चाहते हैं, जवाब देना जानते हैं, तब तक हो रही लगातार घटनाओं में वृद्धि होती रहेगी और इस देश में लगातार मासूम लोगों की जानें जाती रहेंगी। सभापति महोदय, यह सवाल जो आज हिमाचल की धरती से उभरा है, हिमाचल को हमारे देश में एक सुरक्षित और शांतिप्रिय प्रदेश के रूप में जाना जाता है, वहां आए दिनों जहां कि हमारी अर्थ व्यवस्था के हिसाब से भी पर्यटन और पर्यटक लोग जहां जाते हैं, अगर वहां उन लोगों के दिलों में दहशत और आतंक का एक माहौल बसा और पूरे लोगों के दिलों दिमाग में यह बात पैदा हुई कि स्वर्ग कहलाने वाला हिन्दुस्तान का वह प्रदेश, वे लोग जो शांति से रहना और जीना चाहते हैं, उन लोगों के मन में, दिमाग में और बर्ताव में अगर हिंसा की ये वारदातें आई तो मैं समझता हूं कि वास्तव में आज यह बहुत ही अफसोस का विषय है। हम लोग संवेदनाएं देते हैं, हम लोग अफसोस जाहिर करते हैं, लेकिन इसमें कोई दो राय नहीं कि कोई न कोई रास्ता, कोई न कोई उपाय ऐसा जरूर सोचना होगा और साबित भी करना होगा कि अगर पुन: ऐसी वारदात करने की कोशिश किसी ने की तो उसको जवाब के रूप में ठीक ऐसा ही जवाब मिलना चाहिए। सभापति महोदय, आतंकवादी कोई जमीन से नहीं निकले, लगातार सैंकड़ों मील चल कर आतंकवादी आते हैं। पाक में प्रशिक्षित आतंकवादियों का जहां तक सवाल है, सैंकड़ों मील वहां से सीमाएं हैं, सीमाओं को

सील कर दिया गया, सीमाएं सुरक्षित हैं, यह तो हर बार सुनने में आता है, लेकिन हर बार सैंकड़ों मील चल कर आतंकवादी किसी गांव और देहात में वारदात कर जाएं, लोगों को मार जाएं, फिर उनका पता न लगे वापस चले जाएं, यह वास्तव में एक ऐसा सवाल है जो आज हम सब लोगों के सामने है। इसका इंतजाम होना चाहिए और इसका पुख्ता तरीके से इंतजाम होना चाहिए। यही मेरा सुझाव है। धन्यवाद।

श्री लाल कृष्ण आडवाणी: सभापति जी, कुछ ही दिन पहले इसी सदन में इस के पूर्व की डोडा की घटना को लेकर चर्चा हुई थी। इतने ही समय हुई थी, इतनी ही व्यथा और वेदना प्रकट की गयी थी और आज फिर थोड़े ही दिन बाद जब ऐसी ही घटना चंबा जिले में हुई है, जिस के बारे में यह ठीक है कि जो लोग उस क्षेत्र को नहीं जानते हैं, उन को लगेगा कि आतंकवाद एक प्रदेश से दूसरे प्रदेश तक पहुंच गया, लेकिन जिस प्रकार से गुलाम नबी आजाद ने इस चीज को एक सही परस्पेक्टिव में रखा और कहा कि तिस्सा भदरवह से 17 किलोमीटर दूर है...

श्री गुलाम नबी आजाद: शहर से।

श्री लाल कृष्ण आडवाणी: शहर से और अभी जो दो घटनाएं जिन दो गांवों में हुई हैं, उन के बारे में एकरूप से यह माना ही जा सकता है कि वह डोडा पर जो कंसेन्ट्रेशन है, उसी का यह एक्सटेंशन है, उसी क्षेत्र में है। सभापति जी, किसी ने कहा कि इस का जिक्र लोक सभा में हुआ कि कुछ आतंकवादी आ गए हैं और उस की सावधानी नहीं बरती गयी। लगता है कि हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर के बीच में लिए जो नहीं रहा, इसी कारण यह घटना हो गयी। तो मैं सदन को इतनी जानकारी देना चाहूंगा कि 16 तारीख को या जुलाई के मध्य में इसी सुरक्षा के सवाल को लेकर जब आखिरी बैठक गृह मंत्रालय में हुई थी जिस में जम्मू काश्मीर के राज्यपाल भी आए थे, मुख्य मंत्री भी आए थे, चीफ आफ आर्मी स्टाफ भी आए थे और विभिन्न पैरा-मिलिटरी फोर्सेस के डायरेक्टर जनरल भी थे और जिस में जम्मू काश्मीर के क्षेत्र में बढ़ते हुए उग्रवाद के बारे में जो दो बैठकें पहले हो चुकी थीं, उस के बाद क्या प्रगति हुई, इस का सिंहावलोकन हुआ और आगे हम को क्या करना चाहिए, इस बारे में विचार हुआ। तो पुराना सिंहावलोकन करते हुए बहुत प्रसन्नता प्रकट की गयी कि कुछ क्षेत्रों में तो इतनी नार्मलसी आ गई कि देखो कितने हजारों लोग आने लगे हैं। मुझे याद है कल जब लोक सभा में जम्मू काश्मीर के एक सदस्य श्री सोज़ साहब ने शिकायत की कि सरकार इस बात को क्यों नहीं प्रोजेक्ट करती कि जम्मू काश्मीर में बहुत नार्मलसी आ गयी है, गुलमर्ग में जाकर देखिए, पहलगाम में देखिए कितने हजार लोग हैं? मैं ने उन की बात का उस समय जवाब नहीं दिया, लेकिन आज प्रातःकाल पार्टी मीटिंग में मैं अपने साथियों को बता रहा था कि मैं जवाब नहीं दे सकता, मैं इस चीज को प्रोजेक्ट नहीं कर सकता क्योंकि शायद गुलमर्ग में, पहलगाम में हजारों लोग होंगे जो कि पिछले साल नहीं थे लेकिन यह भी तो देख रहा हूं कि डोडा में यह घटना हो गयी, यह भी तो देख रहा हूं कि ऊधमपुर में यह हो गयी और मैं तो घाटी को, जम्मू को अलग कर के वहां पर यह ठीक है, यह ठीक नहीं है-ऐसा नहीं कर के जम्मू काश्मीर को एक इकाई मानकर, मैं यह दावा नहीं कर सकता कि स्थिति सुधर गयी है। इसीलिए मैं नहीं कहता, लेकिन यह एक पहलू है। उस पहलू को ध्यान में रखकर जब हम ने सिंहावलोकन किया तो बाकी क्षेत्रों की तरक्की का उल्लेख किया गया, लेकिन चिंता प्रकट की गयी कि डोडा में अभी तक हम स्थिति काबू में नहीं ला सके हैं और तब इस बात का भी जिक्र हुआ कि कुल मिलाकर घाटी की जितनी इराजी है, जितना क्षेत्रफल है, डोडा जिले का अकेले का उतना क्षेत्रफल है, टेरेन जैसा है। वहां पहाड़ है, जंगल है, यह सब है और इसीलिए तय हुआ कि हम डोडा पर फोकस करेंगे तो स्वाभाविक रूप से ये लोग हिमाचल जाएंगे और हिमाचल जाकर वहां पर घटना करेंगे। तो ऐसा नहीं कि एंटीसिपेट नहीं किया और एंटीसिपेट ही नहीं किया, उस के बाद मैं ने धूमल जी से जोकि हमारे मुख्य मंत्री हैं, बात की। आज से 15 दिन पहले की बात है कि मैंने मुख्य मंत्री, हिमाचल प्रदेश से बात की कि जिस प्रकार की गतिविधि हम कर रहे है, उसके कारण शायद हिमाचल को भी उसका कुछ बोझ उठाना पड़े और फिर उनको कहा कि आपके डायरेक्टर जनरल पुलिस और जम्मू काश्मीर के डायरेक्टर जनरल पुलिस, दोनों की एक मीटिंग होनी चाहिए, जिसमें आर्मी के लोग भी हों और कुल मिलाकर के एक योजना बनानी चाहिए। मुझे अभी तो रिपोर्ट पूरी आनी है क्योंकि चीफ मिनिस्टर को जब कल मैंने फोन किया था तो वह उस स्थान पर गए हुए थे, लेकिन मेरी जानकारी में आया है कि कुछ ज्वायंट पेट्रोलिंग की भी स्थिति शुरू हुई है। तो कम से कम यह तो पहलू है, इन पहलुओं के बारे में सरकार बराबर है, बेखबर नहीं है। उसके बावजूद भी यह हुआ है और उसके बावजूद भी यह हुआ है तो यहां के सदस्य अगर कोई बात कहते हैं गुस्सा प्रकट करते है और कुछ कहते हैं, मैं तो पूरी तरह से सहमत हूं, आजमी साहब ने जो कुछ आखिर में कहा, मैं पूरी तरह से सहमत हूं और इसलिए मेरे साथी ने अगर कोई प्रतिक्रिया प्रकट की तो उनको मैं इतना ही कहूंगा कि आज जितनी भी बातें कही गई और अगर मेरी

आलोचना की गई तो उस आलोचना का आधार प्रमुख वह तो मेरा अपना वक्तव्य है, जिस वक्तव्य को मैने डोडा में दिया, जिसमें मैंने कहा कि अगर सरकार आम नागरिक की सुरक्षा नहीं कर सकती तो उस सरकार को सरकार कहलाने का अधिकार नहीं है जो चार महीनो में मैंने देखा है, मैंने प्रत्यक्ष देखा है, कमियां होगी, जैसे हमारे गुलाम नबी आजाद जी ने बताया, उन कमियों को दूर करेंगे, लेकिन कुल मिलाकर आज जो स्थिति हैं, इसमें काफी अच्छा कोर्डिनेशन है आर्मी का भी, पैरा मिलिटरि फोर्सेस का भी, प्रशासन का भी और पुलिस का भी, जो कि आज से दो-तीन साल पहले नहीं था। दो-तीन साल पहले प्रशासन और पुलिस, और सेना और पैरा मिलिटरि फोर्सेस, they were working very many times at cross purposes. There was no coordination. आज वह कोर्डिनेशन है। वह आज कोर्डिनेशन जितना है ओर इनकी जितनी क्षमता है, उस क्षमता के आधार पर मुझे विश्वास है कि उसमें चाहे थोड़ा समय लगेगा, लेकिन हम इस पर काबू पाएंगे। इसमें मुझे पूरा विश्वास है और इस विश्वास के कारण ही मैंने वह बात कही कि अगर इस विश्वास के बावजूद भी हम नहीं कर पाते हैं तो फिर उसके लिए एकाउंटेबिलिटी होगी।

मुझे अगर कोई कहता है तो मैं उसका बुरा नहीं मानता हूं क्योंकि मेरा अपना वक्तव्य है। उस दिन मुझे कुछ लोगों ने सलाह दी कि कैसे बयान देते हो, तुम कैसे बयान देते हो, लोग इसका फायदा उठाएंगे। मैंने कहा कि फायदे या नुकसान की बात नहीं है, वस्तुस्थिति है। मैं जिस पद पर बैठा हूं, यहां जितने लोगों ने कहा, उन्होने यह भी कहा कि आपर्से अपेक्षा ज्यादा है। आपकी सरकार से अपेक्षा ज्यादा है। अगर अपेक्षा ज्यादा है। तो उस अपेक्षा का बोझ उठाकर ही मै ऐसी बात कहता हूं। मैं आज भी यह कह सकता हूं विश्वास-पूर्वक कह सकता हूं, कि आतंकवादी, उग्रवादी धीरे-धीरे करके इस बात से हताश हो रहे हैं कि उनको स्थानीय समर्थन नहीं मिल रहा, कम मिल रहा है। जितने लोग मारे जाते हैं, जितने लोग पकड़े जाते हैं, उनमें जम्मू-कश्मीर के निवासी कम हैं। धीरे धीरे करके उनकी संख्या कम हो रही है। किसी ने सही कहा कि यह रोज हम घटना सुनते हैं कि इतने लोग मारे गए, इतने लोग इस गांव में मारे गए, इतने डोडा में मारे गए, उधमपुर में मारे गए, अब यह चंबा में मारे गए, लेकिन उनकी बात नहीं आती क्योंकि उनकी बात की न्यूज नहीं है, मैं आपको बता सकता हूं कि पिछली 1 जनवरी से लेकर 15 जुलाई तक 388 लोग मारे गए है उग्रवादियों के, 388 लोग। लगातार होता रहा है और एक प्रकार का एट्रीशन जारी है और उस एट्रीशन की न्यूज नहीं बनती। न्यूज तो इसकी बनती है कि बेगुनाह लोग मारे गए है। वह जो मारे गए मिलिटेंट थे, मारे जाना चाहिए और वह कोई बहुत बड़ी उपलब्धि नहीं है, वह तो हमारा चलेगा।

सभापति जी, यहां कुछ स्पेसिफिक सजेशन आए। मुझे चम्बा की उस सड़क की जानकारी नहीं थी। अभी मैं उस सड़क की जानकारी जरूर करूंगा। जैसा कहा गया कि भदरवाह में केन्टोनमेंट बनना चाहिए, इसकी मुझे थोड़ी जानकारी थी। जुलाई के मध्य में मीटिंग हुई और उस मीटिंग में मैने यह सवाल मुख्यमंत्री से उठाया और मैने यह सवाल चीफ आफ आर्मी स्टाफ से उठाया । मुख्यमंत्री ने मुझे रिपोर्ट की कि हमने सारी लैंड एक्वायर कर ली है और चीफ आफ आर्मी स्टाफ ने हमको बताया कि लैंड एक्वायर हो जाने के बाद भी उनको हैंडओवर नहीं हुई है, इसलिए कैन्टोनमेंट बनना शुरू नहीं हुआ है। उसी समय तय हुआ, चीफसेकेटरी के जिम्मे किया गया कि इस मामले मे देर न हो और भदरवा में कैन्टोनमेंट बनाने का सवाल जो सालों से लटका हुआ है उसको तुरन्त शुरू होना चाहिए। अर्थात एक एक पहलू जो स्थिति का सामना करने के लिए हो सकता है, उस पहलू की ओर ध्यान देकर के यह सरकार इस मामले में कृत संकल्प है कि हम इस समस्या को हल करेंगे।

जितेन्द्र जी ने जो बात कही, जिसकी प्रतिकिया कुछ प्रकट की हमारे अरुण जी ने, दोनों में अपना-अपना वजन है और वह वजन एक प्रकार से आज़मी साहब ने निकाला कि कुछ बातें सार्वजनिक रूप से कही हैं, जिनके कारण लोगों के मन में विश्वास पैदा हो, आत्मबल बढ़े, डिमॉरलाइजेशन न हो और दूसरी भी अगर कोई ऐसी बात है कि जिसके बारे में आप घोषणा नहीं करना चाहते हैं तो दो-चार प्रमुख लोगों को बुलाकर आप उनसे सलाह कर लीजिए, उनसे बात कर लीजिए। मैंने इसमें से बात सोचकर के सोचा कि अच्छा होगा कि जब यह संसद-सत्र समाप्त हो तो उसके कुछ दिन बाद उग्रवाद, आतंकवाद और आई॰एस॰आई॰ की गतिविधियां, जो देशभर में हैं, उनके बारे में चर्चा करने के लिए देश की पोलिटिकल पार्टीज़ के नेतृत्व की एक बैठक आयोजित की जाए और फिर उसमें केवल मात्र उग्रवाद का ही सवाल नहीं है, अगर महाराष्ट्र स्टेट से किसी को, जिसको हम विदेशी नागरिक मानते हैं, उसको निकालने की बात होती है तो उसको कोई पोलिटिसाइज़ नहीं करेगा, यह भी बात होगी क्योंकि कानून कहता है कि अगर कोई विदेशी है तो उसके बारे में कानून हैं। हां, कानून में आप परिवर्तन करिए, मेरी समझ में आता है। आप एक नीति बना लीजिए, निश्चित कर लीजिए, जैसा इस सरकार ने किया, किसी और सरकार ने नहीं किया। मेरी सरकार को जब लगा कि इतनी बड़ी मात्रा में बंगला देशी जब यहां पर हैं, उनकी

संख्या डेढ़ करोड़ हो, एक करोड़ दस लाख हो या एक करोड़ बीस लाख हो, उनकी संख्या के बारे में कभी किसी ने कुछ कहा है, कभी किसी ने कुछ कहा है और अंतिम बार मेरे पूर्व अधिकारी श्री इंद्रजीत गुप्ता जी ने कहा कि दस मिलियन, दस मिलियन की उनकी बात कह दी, अब इतनी बड़ी संख्या में कितने लोगों को डिपोर्ट करेंगे। इतने साल हुए हैं, मैंने देखा कि महाराष्ट्र में शायद 6,000 लोग कांग्रेस के लोगों ने डिपोर्ट किए थे और 2,000 लोग इस सरकार ने डिपोर्ट किए है। मैं इस चीज का उल्लेख इसलिए कर रहा हूं कि देशभर में जो देश के दुश्मनों की गतिविधियां बढ़ी है और जिसमें उग्रवाद एक भयानक, एक भयंकर रूप हैं जितनी गतिविधियां बढ़ी हैं, उन सबमें हम राजनीति नहीं लाएंगे। We will not make anyone a political foe. यह बात हमारे मन में आनी चाहिए और मुझे अधिकांश सदस्यों की बातों में कहीं राजनीति नहीं दिखी। कहीं-कहीं दिखी और उसकी प्रतिक्रिया यहां से भी हुई, स्वाभाविक है, लेकिन कुल मिलाकर सब लोगों ने इस घटना के बारे में चिंता प्रकट की, जिस चिंता को पिछली बार आपने किसी भी प्रकार की आलोचना किए बिना प्रकट किया था और केवल मात्र अपने सभापति को कह दिया कि प्रधान मंत्री को यह जानकारी मिलनी चाहिए। उस समय हमारे मन पर यह भी बोझ था, मैं जानता हूं, कि हमारे प्रधान मंत्री वहां बैठे हुए हैं, वे बात करने वाले हैं और ऐसे अवसर पर कोई ऐसी बात न कहें जिसके कारण उनके हाथ कमजोर हों, इस कारण भी बहुत ही संयत रूप से कहा गया। आज भी, बहुत संयत रूप से, कहीं-कहीं अगर मेरी आलोचना हुई तो मैं समझता हूं कि उसमें आपको पूरा अधिकार हैं, उसमें मुझे आपत्ति नहीं है लेकिन मैं इतना ही विश्वास दिलाना चाहता हूं कि जो यहां पर सुझाव दिए गए हैं .. (व्यवधान)..

श्री गुलाम नबी आज़ाद: माननीय गृह मंत्री जी, अभी-अभी इत्तिला मिली है कि पुंछ में आज 19 आदमियों को मार दिया गया है।

श्री लाल कृष्ण आडवाणी: मुझे पता है, वह व्यक्ति कौन है इसकी जानकारी भी लगा रहे हैं क्योंकि वह एक प्रसिद्ध उग्रवादी है, उसके साथ कुछ जुड़े हुए लोग है। इम्तियाज़ नाम का कोई व्यक्ति है जो मिलिटेंट है, ऐसा मुझे बताया गया है, लेकिन उसकी जानकारी हम कर रहे हैं कि क्या हुआ है, कैसे हुआ है।

बीच में सिक्युरिटी रिलेटिड एक्सपेंडिचर की बात आई, भदरवाह की बात थी स्पेसिफिक और कई सुझाव अरुण शौरी ने दिए थे, मैं समझता हूं कि किसी के मन में भी पाकिस्तान के इरादों के बारे में, नीयत के बारे में संदेह नहीं होना चाहिए। कुछ के मन में अगर होता है तो वे उसको जितनी जल्दी त्याग दें उतना अच्छा होगा। उन्होंने एक अपनी नीति बना रखी हैं, एक अपनी रणनीति बनाई हैं, एक प्लान आफ एक्शन बनाया है और हमारा संकल्प भी है कि उनके इस प्लान आफ एक्शन को, इस प्रॉक्सी वार को परास्त करके ही छोड़ेंगे और हमें अगर उसमें सफलता मिली, जितना मेरा क्षेत्र है, तो मैं जो कुछ डोडा में कह चुका हूं, उससे मैं प्रतिबद्ध हूं। ..(व्यवधान)..

SHRI RAMACHANDRA KHUNTIA (Orissa): Sir, I have a point to ask ... (*Interruptions*)..

MR. CHAIRMAN: No ... (*Interruptions*).. Mr. Salim.

SHRI MD. SALIM: Sir, I am thankful to the hon. Home Minister ...(*Interruptions*)... I am not asking for any clarification ...(*Interruptions*)...I am appreciating the hon. Home Minister...(*Interruptions*)...

अभी आपने बताया कि यह मामला राजनीति से ऊपर उठकर है अंत: प्रवेश के मामले को, इनफिल्ट्रेशन के मामले को पोलिटिकल इशु किसने बनाया...(व्यवधान) बंगला-देशियों की समस्या को पोलिटिकल इशू किसने बनाया ...(व्यवधान) यह ऐडमिनिस्ट्रेटिव प्रॉब्लम है ...(व्यवधान)

†[شری محمد سلیم : ابھی آپنے بتایا کہ یہ معاملہ راجنیتی سے اوپر اٹھکر ہے انت پردیش کے معاملے کو انفلٹریشن کے معاملہ کو پولیٹیکل ایشو کس نے بنایا... "مداخلت" بنگلہ دیشیوں کی سمسیا کو پولیٹیکل ایشو کس نے بنایا... "مداخلت"... یہ ایڈمنسٹریٹیو پرابلم ہے... "مداخلت"...]

MR. CHAIRMAN: Do you want to adjourn till 2.30 p.m.? (*Interruptions*). The House is adjourned for lunch till 2.30 p.m.

The House then adjourned for lunch at thirty-five minutes past one of the clock.

The House reassembled after lunch at thirty-five minutes past two of the clock, the **Deputy Chairman** in the Chair.

DISCUSSION ON FINAL REPORT OF JAIN COMMISSION AND A.T.R.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Now, we will take up further discussion on the Jain Commission Report.

†[ ] Transliteration in Arabic Script